Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

TDN THE DAYSPRING NEWS

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 | अंक:240 | मूल्य: 3 रू | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार/ 23 सितम्बर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

# जीएसटी की नई दरें प्रभावी, सभी को बड़ी राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**




देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें आज से लागू हो गईं। नवरात्रि के पहले दिन से लागू इन दरों में मुख्य रूप से अब पांच फीसदी और 18 फीसदी की दो दो श्रेणी हैं। लग्जरी और विलासितापूर्ण वाली वस्तुओं पर अलग से 40 फीसदी कर लगेगा। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें आज से प्रभावी हो गईं। इससे हर आयु वर्ग और हर समुदाय के लोगों को बड़ी राहत मिली है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और उपकरणों और वाहनों समेत करीब 400 वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनियों ने जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मे स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने इस अवसर की पूर्व संध्या पर पांच बजे देश के नाम संबोधन में कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे। कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। पिछले एक वर्ष में जीएसटी और आयकर में छूट के कारण देशवासियों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई। इससे बाजार में उपभोक्ता विश्वास और मांग में इजाफा हुआ है। देश में इससे पहले जीएसटी के चार स्लैब- पांच फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी लागू थे। कुछ महंगी चीजों पर अलग से सेस लगता था। सरकार ने 12 फीसदी वाले 99 फीसदी सामान को 5 फीसदी में और 28 फीसदी वाले 90 फीसदी आइटम को 18 फीसदी में शिफ्ट कर दिया है। इससे आम लोगों को हर महीने थोड़ी राहत मिलेगी। आज साबुन, पाउडर, कॉफी, डायपर, बिस्कुट, घी और तेल जैसी दैनिक जरूरत की वस्तुएं सस्ती हो गईं। पनीर, मक्खन, नमकीन, जैम, कैच-अप, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी चीजों पर अब कम टैक्स लगेगा। पहले इन वस्तुओं पर 12 फीसदी या 18 फीसदी जीएसटी लगता था, अब इन्हें पांच फीसदी की स्लैब में रखा गया है। ग्लूकोमीटर, डायग्नोस्टिक किट्स और ज्यादातर दवाओं पर जीएसटी सिर्फ पांच फीसदी हो गया है। पहले ये 12 या 18 फीसदी की स्लैब में थे। सीमेंट पर जीएसटी की दर अब 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दी गई है। टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी चीजों पर भी टैक्स कम हुआ है। पहले इन पर 28 फीसदी जीएसटी था। अब ये18 फीसदी के स्लैब में हैं। छोटी कारों पर अब 18 फीसदी और बड़ी गाड़ियों पर 28 फीसदी जीएसटी लगेगा। पहले एसयूवी और एमपीवी जैसी गाड़ियों पर 28 फीसदी टैक्स के साथ 22 फीसदी सेस भी लगता था। जीएसटी कटौती के बाद अब कुल टैक्स घटकर करीब 40 फीसदी हो गया है। सैलून, गा सेंटर, फिटनेस क्लब, हेल्थ स्पा जैसी सेवाओं पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, टैल्कम पाउडर, शेविंग क्रीम, आफ्टरशेव लोशन जैसी चीजों पर अब सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगा।

## जीएसटी 'बचत उत्सव' को केंद्रीय मंत्रियों ने बताया ऐतिहासिक कदम, विपक्ष ने लगाए राजनीति के आरोप


**नई दिल्ली**। नवरात्रि के पहले दिन से देश भर में लागू हुई नई जीएसटी दरों को लेकर केंद्रीय मंत्रियों ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जनता को 'दिवाली उपहार' करार देते हुए 'बचत उत्सव' की संज्ञा दी, वहीं विपक्षी दलों ने इसे अपर्याप्त और राजनीति से प्रेरित बताया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जीएसटी पर कहा कि "मोदी सरकार का नवरात्रि के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं-बहनों को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म का उपहार है। मोदी ने देशवासियों से जीएसटी रिफॉर्म का जो वादा किया था, वह आज से पूरे देश में लागू हो गया है। इस जीएसटी में 390 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स में ऐतिहासिक कमी की गई है। खाद्य एवं घरेलू सामान, होम बिल्डिंग व मैटेरियल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि, सेवाएं, खिलौने, स्पोर्ट्स व हैंडीक्राफ्ट्स, शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य, बीमा जैसे क्षेत्रों में जीएसटी में अभूतपूर्व राहत से देशवासियों के जीवन में खुशियां आएंगी और उनकी बचत भी बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, "आज नवरात्रि की शुरुआत हुई है। आज ऐतिहासिक दिवस इसलिए भी है कि आज जीएसटी सुधार लागू होने का पहला कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी का अरुणाचल प्रदेश से शुरू हुआ है। अरुणाचल प्रदेश से कोई भी शुभ काम जब शुरू होता है तो वो तुरंत पूरे देश में फैल जाता है। जिससे सबको लाभ मिलेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने टैक्स स्लैब को 5 फीसदी और 18 फीसदी तक सीमित कर ऐतिहासिक फैसला लिया है।

## जीएसटी सुधारों से हर वर्ग के लोगों को हो रहा लाभः भाजपा



**नई दिल्ली**। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आज से देशभर में लागू हो गया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीएसटी की नई दरों को महाबचत महोत्सव बताते हुए कहा है कि इन सुधारों से हर वर्ग के लोगों को लाभ हो रहा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि आज से बहुत बड़ा बचत महोत्सव शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो फैसला लिया जीएसटी रिफॉर्म करने का, वो आज से लागू हुआ है। इससे लोगों में खुशी की लहर है। इससे प्रतिदिन इस्तेमाल की जाने वाली लगभग हर चीजें सस्ती होंगी। कांग्रेस पर पलटवार करते हुए वैष्णव ने कहा कि देश के हर कोने से आज यही खबर आ रही है कि जीएसटी सुधार से जन-जन खुश है, लेकिन हमारे विपक्ष के साथी इस बचत से खुश नहीं हैं। स्वाभाविक है, उनके दौर में सिर्फ बातें होती थीं, काम तो होता नहीं था। यूपीए के समय में सीमेंट पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता था, जबकि एनडीए के दौरान 18 प्रतिशत है। यूपीए के समय में सैनिटरी पैड पर 13 प्रतिशत टैक्स होता था, जो अब जीरो हो गया है। उन्होंने कहा कि यूपीए के समय में फुटवियर पर 18 प्रतिशत टैक्स होता था, जो आज 5 प्रतिशत हो गया है। यूपीए के समय में रेफ्रिजरेटर पर 30 प्रतिशत टैक्स होता था, जो अब 18 प्रतिशत हो गया है। यूपीए के समय में डिटरजेंट पर 30 प्रतिशत टैक्स था, जो अब 5 प्रतिशत हो गया है।

## शारदीय नवरात्रि पर पीएम मोदी, अमित शाह और खरगे समेत तमाम राजनेताओं ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली**। शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हो गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत तमाम राजनेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साहस, संयम और संकल्प के भक्ति-भाव से भरा यह पावन पर्व हर किसी के जीवन में नई शक्ति और नया विश्वास लेकर आए। उन्होंने सभी देशवासियों को नवरात्रि की अनंत शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवरात्रि को माँ भगवती की आराधना और शक्ति संचय का महापर्व बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में अनंत खुशियां लाए और माँ दुर्गा की कृपा हम सभी पर बनी रहे। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नवरात्रि के पहले दिन माँ शैलपुत्री का कोटि-कोटि वंदन किया। उन्होंने कामना की कि देवी माँ सभी को नई शक्ति और ऊर्जा प्रदान करें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ आदिशक्ति की अनुकंपा सभी पर बनी रहे और यह पर्व देशवासियों में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर किए गए अपने एक्स पोस्ट में कहा कि माँ दुर्गा की कृपा से सभी के जीवन में सदैव सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नवरात्रि को शक्ति, साधना और समृद्धि का पर्व बताते हुए कहा कि मां दुर्गा का आशीर्वाद हमारे जीवन में नई ऊर्जा भरता है। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता और प्रगति की ऊंचाइयों को छुए और विश्व में शांति और कल्याण का मार्गदर्शक बने। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रि को संयम, साहस और संकल्प का प्रतीक बताया। उन्होंने माँ शैलपुत्री से प्रार्थना की कि उनकी कृपा से समस्त विश्व सुख, शांति और समृद्धि की किरणों से आलोकित हो। ऊर्जा मंत्री और आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने शक्ति उपासना के इस महापर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिशक्ति मां दुर्गा सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें और जीवन में सुख-समृद्धि व शांति प्रदान करें। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने माँ शैलपुत्री को नमन किया और कहा कि उनकी अनंत कृपा सभी पर बनी रहे और माँ दुर्गा समस्त जगत का कल्याण करें।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएससीएन(के) पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग (एनएससीएन- के) और इसके सभी गुटों, शाखाओं तथा अग्रणी संगठनों को तत्काल प्रभाव से पांच वर्षों के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा कि एनएससीएन (के) भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल रहा है। संगठन ने भारतीय संघ से अलग होकर भारत-म्यांमार क्षेत्र के नगा आबादी वाले क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक अलग संप्रभु नगालैंड बनाने का लक्ष्य घोषित किया है तथा उल्फा (आई), पीआरईपीएके और पीएलए जैसे अन्य गैरकानूनी संगठनों से गठजोड़ किया। व्यापारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य नागरिकों से फिरौती और जबरन धन वसूली के लिए अपहरण में संलिप्तता की हुई है। अवैध हथियार और गोला बारूद रखे हैं। हथियार और अन्य सहायता प्राप्त करने के लिए अन्य देशों में भारत विरोधी ताकतों से सहायता प्राप्त की हुई है। अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2020 से 2025 के बीच संगठन के खिलाफ 71 मामले दर्ज हुए, 85 कैडर गिरफ्तार किए गए और 69 ने आत्मसमर्पण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में हथियार, कारतूस, ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद हुए। केंद्र सरकार का मत है कि नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) की तमाम गैरकानूनी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए उसके सभी गुटों, शाखाओं और अग्रणी संगठनों के साथ 28 सितंबर से तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध घोषित करना आवश्यक हो जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से पांच वर्ष के लिए प्रभावी होगा।




### बच्चों का निवाला छीन रही है हेमंत सरकार : राफिया नाज़

**रांची** — झारखंड में बच्चों के कुपोषण को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा नेत्री राफिया नाज़ ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की प्राथमिकता बच्चों का पोषण नहीं, बल्कि सत्ता सुख और अपनी छवि चमकाना है। राफिया ने कहा कि राज्य में लगभग 45% बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। NFHS-5 के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड में 42.9% बच्चे कम वज़न वाले, 39.6% बच्चे कद में छोटे और 29.5% बच्चे कमजोर हैं, जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बच्चों की भूख मिटाने की जगह सरकार विज्ञापन और VIP सुविधाओं पर करोड़ों खर्च कर रही है, तो इसे संवेदनहीनता और दोहरे रवैये के अलावा क्या कहा जाए। राफिया ने कहा कि झारखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को महीनों से मानदेय नहीं मिला है। ये महिलाएं बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं, लेकिन उन्हें उनका हक़ नहीं मिल रहा। इसका सीधा असर बच्चों और माताओं पर पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आंगनबाड़ी पोषण आहार की राशि तुरंत बढ़ाई जाए, कार्यकर्ताओं का मानदेय समय पर दिया जाए और कुपोषित बच्चों के लिए विशेष पोषण योजनाएं लागू की जाएं। राफिया ने कहा कि भाजपा राज्य के बच्चों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी और हर बच्चे के स्वस्थ, ताकतवर और खुशहाल जीवन के अधिकार के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

## कांग्रेस की उपेक्षा से अरुणाचल पिछड़ा भाजपा सरकार ने बदली तस्वीर : मोदी

**एजेंसी। ईटानगर**

**पीएम मोदी ने हिमाचल को दी 5100 करोड़ की सौगात, अरुणाचल बनेगा पावर सेंटर**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस की उपेक्षा के कारण अरुणाचल प्रदेश और पूरा नॉर्थ ईस्ट दशकों तक विकास से वंचित रहा। कांग्रेस ने इस क्षेत्र को केवल वोट और सीटों की गणना के आधार पर देखा और इसे नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2014 के बाद इस सोच को बदलते हुए पूर्वोत्तर को विकास की प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा। प्रधानमंत्री मोदी यहां 5025 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा, "हमारे अरुणाचल प्रदेश में सूर्य की किरण सबसे पहले आती हैं, लेकिन विकास की किरण यहां पहुंचने में कई दशक लग गए। कांग्रेस के समय दिल्ली में बैठे लोग सोचते थे कि यहां सिर्फ दो लोकसभा सीटें हैं, तो ध्यान क्यों दिया जाए। यही कांग्रेस की सोच थी, जिसने नॉर्थ ईस्ट को बहुत पीछे धकेल दिया।" उन्होंने कहा कि भाजपा का मंत्र वोट या सीटों की संख्या नहीं, बल्कि 'राष्ट्र प्रथम' है।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार ने सीमावर्ती और पिछड़े इलाकों को बदले नजरिए से देखा। जिन्हें कांग्रेस ने लास्ट विलेज और बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट कहा, उन्हें हमने फर्स्ट विलेज और अस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट बनाया। इसी बदली सोच का नतीजा है कि आज वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम सीमावर्ती इलाकों का जीवन आसान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा को तीन कारणों से विशेष बताया—नवरात्रि के अवसर पर हिमालय की गोद में पूजा का सौभाग्य, 'नेक्स्टजेन जीएसटी सुधार' और अरुणाचल को 5025 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर उन्हें हिमालय की गोद में स्थित इन पर्वतों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। नवरात्रि के पहले दिन हम मां शैलपुत्री की पूजा करते हैं। इन पहाड़ों के बीच रहकर अपनी भक्ति अर्पित करना सचमुच दिव्य अनुभूति है। दूसरे कारण के रूप में उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज से पूरे देश में 'नेक्स्टजेन जीएसटी सुधार' लागू हो गए हैं और इसके साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अब जीएसटी को केवल दो स्लैब तक सीमित कर दिया गया है- 5 एवं 18 प्रतिशत। कई वस्तुएं टैक्स फ्री हो गई हैं और बाकी सामान भी सस्ते हो गए हैं।

त्योहारों के इस मौसम में जनता-जनार्दन को यह डबल बोनस मिला है। तीसरा कारण उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में विकास परियोजनाओं की शुरुआत को बताया। मोदी ने कहा कि आज राज्य को बिजली, संपर्क, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवा जैसे कई क्षेत्रों में नई परियोजनाएं मिली हैं। यह भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' के दोहरे लाभ का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट को भाजपा सरकार 'अष्टलक्ष्मी' मानती है और इसके विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार अधिक धन खर्च कर रही है। कांग्रेस की उपेक्षा से हुए नुकसान की भरपाई अब तेजी से की जा रही है।

## सरस आजीविका मेले में झारखंड की महिलाओं ने दिखाया हुनर, 25 लाख से अधिक का कारोबार

**नई दिल्ली**। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 5 से 22 सितंबर तक आयोजित सरस आजीविका मेले में झारखंड की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी उद्यमिता, पारंपरिक कला और व्यंजनों से राष्ट्रीय मंच पर खास पहचान बनाई। मेले में झारखंड की महिलाओं के स्टॉल पलाश और आदिवा ने दिल्लीवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इन स्टॉलों के माध्यम से महिलाओं ने 25 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने मेले का दौरा कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, "इन ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और हुनर काबिले तारीफ है। उन्हें राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला और उत्पाद प्रदर्शित करने का पूरा अवसर मिलना चाहिए।"

**पलाश ब्रांडः पारंपरिक व्यंजन और उत्पादों का आकर्षण–** पलाश ब्रांड के स्टॉलों में उपलब्ध रागी लड्डू, शुद्ध शहद, काले गेहूं का आटा, अरहर दाल, तथा साबुन और लेमन ग्रास ऑइल जैसे गैर-खाद्य उत्पाद दिल्लीवासियों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। गोड्डा की सोनी देवी ने अपने तसर सिल्क के साड़ियों और सूट पीस से लगभग 3 लाख रुपये का कारोबार किया।



**आदिवा ब्रांडः पारंपरिक आभूषणों का राष्ट्रीय मंच–** आदिवा ब्रांड के स्टॉल पर झारखंडी पारंपरिक ज्वेलरी ने सभी का ध्यान खींचा। छोटे झुमके से लेकर चाँदी के गहनों तक, सभी उत्पाद दिल्लीवासियों को बेहद पसंद आए। आदिवा स्टॉल पर पारंपरिक आभूषणों की बिक्री ने ग्रामीण महिलाओं की कला और आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय पहचान दिलाई।

**झारखंडी व्यंजनः स्वाद और संस्कृति का संगम–** मेले में झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों धूसका, दाल पीठा और घूग्नि ने विशेष आकर्षण बनाया। इन व्यंजनों की लोकप्रियता के कारण महिलाओं ने लगभग 3 लाख रुपये का कारोबार किया और झारखंड को लाइव फ़ूड श्रेणी में तीसरा पुरस्कार भी मिला।

**ग्रामीण महिलाएं अब मीडिया में भी सक्रिय–** सरायकेला की सुनीता, जिन्हें 'पत्रकार दीदी' कहा गया, ने पूरे मेले की रिपोर्टिंग की। उन्होंने सोशल मीडिया और मीडिया कवरेज के जरिए मेले में झारखंड की महिलाओं की कहानियों और उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने मेले के समापन पर झारखंड की ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, हुनर और उनकी राष्ट्रीय पहचान को सहेजने के लिए शुभकामनाएं दीं और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी कला और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग करेगी।

### बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए व्यापक राहत पैकेज घोषित करे केंद्रः राहुल गांधी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार के 16 सौ करोड़ रुपये के प्रारंभिक राहत पैकेज को नाकाफी बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्य के लिए व्यापक पैकेज घोषित करने की अपील की है। राहुल गांधी ने सोमवार को एक्स पर 10 मिनट 52 सेकंड की डाक्यूमेंट्री पोस्ट की। वीडियो में उनके साथ पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी हैं। राहुल ने कहा कि पंजाब में बाढ़ से 20 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है और सरकार ने प्रारंभिक राहत पैकेज के तौर पर सिर्फ 16 सौ करोड़ रुपये जारी किए हैं, जो पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है।

## टैरिफ और एच-1बी वीजा फीस पर जो भी हो भारत को जरुर करना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**संघ प्रमुख भागवत बोले- हमें अपनी राह खुद तय करनी होगी**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए टैरिफ और एच-1बी वीजा फीस पर कहा कि भारत को इससे बाहर निकलने के लिए जो भी जरूरी हो करना चाहिए, लेकिन हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि भारत और अन्य देशों के सामने आज जो समस्याएं हैं, वे पिछले दो हजार सालों से अपनाई गई उस व्यवस्था का नतीजा हैं, जो विकास और सुख की खंडित दृष्टि पर आधारित है। इसलिए हमें अपनी राह खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि हम इन हालात से निकलने का रास्ता ढूंढ लेंगे, लेकिन भविष्य में कभी न कभी हमें फिर ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि इस खंडित दृष्टि में हमेशा 'मैं और बाकी दुनिया' या 'हम और वे' की सोच रहती है। उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। भागवत ने यह बात रविवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान कही। आरएसएस प्रमुख ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि तीन साल पहले अमेरिका के एक प्रमुख व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। उन्होंने सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और अर्थव्यवस्था समेत कई क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी और सहयोग की संभावनाओं पर बात की, लेकिन हर बार उन्होंने यही दोहराया कि बशर्ते अमेरिकी हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा कि हर किसी के अलग-अलग हित हैं। इसलिए टकराव चलता रहेगा। जो ऊपर है, वही नीचे वालों को खा जाएगा।

## पंजाब में उत्तर भारतीयों पर संकट
## बेदखली और पलायन से बिगड़े हालात

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब में प्रवासी मजदूरों और उत्तर भारतीयों के खिलाफ माहौल लगातार तनावपूर्ण होता जा रहा है। हाल ही में होशियारपुर में मासूम बच्ची से दुष्कर्म और हत्या की वारदात के बाद कई गांवों में गुस्सा भड़क गया। इसके बाद कई पंचायतों ने बाहरी लोगों को गांव छोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मकान मालिकों पर दबाव डालकर किरायेदारों से घर खाली कराए जा रहे हैं। जानकारी अनुसार इस स्थिति से लुधियाना, अमृतसर और भटिंडा जैसे औद्योगिक व कृषि केंद्रों से बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर अपने-अपने गृह राज्यों—उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल—की ओर लौट रहे हैं।



रेलवे स्टेशनों पर भीड़ और अफरातफरी का माहौल है। मजदूरों के पलायन से फैक्ट्रियों का उत्पादन और खेतों का कामकाज प्रभावित होने लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस स्थिति को और गंभीर बनाने में आतंकी और खालिस्तानी समर्थक संगठनों की भूमिका बताई जा रही है। ये संगठन माहौल को पंजाबी बनाम बाहरी की लड़ाई में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। इससे राज्य में सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शांति बनाए रखने की अपील की है और प्रवासी मजदूरों को भरोसा दिलाया है कि उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है। इससे उलट विपक्षी दलों ने राज्य सरकार पर निष्क्रियता और विफलता का आरोप लगाया है। राजनीतिक दलों का कहना है कि सरकार समय रहते कार्रवाई करती तो स्थिति इतनी नहीं बिगड़ती। पहले से बाढ़ की चुनौतियों से जूझ रहे पंजाब में अब सामाजिक तनाव ने हालात को और कठिन बना दिया है। उद्योग जगत और किसान संगठनों ने भी चिंता जताई है कि अगर प्रवासी मजदूरों का पलायन जारी रहा तो राज्य की अर्थव्यवस्था और उत्पादन व्यवस्था चरमरा जाएगी।

### इंपीरियल ग्रुप की 80 करोड़ से ज्यादा की अघोषित विदेशी संपत्ति का खुलासा!

**शिमला**। ईडी ने पिछले दिनों को हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छह ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई इंपीरियल ग्रुप के चेयरमैन मानविंदर सिंह, उनकी पत्नी सागरी सिंह और ग्रुप की संबंधित कंपनियों और व्यक्तियों पर की गई थी। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत शुरू हुई इस जांच में अघोषित विदेशी संपत्तियों, निवेशों और वित्तीय हितों का जाल सामने आया है। ईडी ने खुफिया जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया था, जिसमें ग्रुप के विदेशी कारोबार की अनियमितताओं का शक था। इंपीरियल ग्रुप एयरोस्पेस और रियल एस्टेट क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों का समूह है, जिसके चेयरमैन मानविंदर सिंह हैं। हिमाचल के नालदेहरा में स्थित लग्जरी आवासीय परियोजना औरमा वैली भी इसी ग्रुप का हिस्सा है। तलाशी में ईडी ने मानविंदर और सागरी सिंह के नाम पर विदेशी कंपनियों में अघोषित हितों के कई सबूत जब्त किए। इनमें सिंगापुर की एयरोस्टार वेंचर प्राइवेट लिमिटेड और दुबई की यूनाइटेड एयरोस्पेस डीडब्ल्यूसी एलएलसी प्रमुख हैं, जहां दोनों ही लाभकारी मालिक हैं।



### मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन और 'अवैध डीजीपी' पर गंभीर आरोप

**रांची** — भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कथित "अवैध डीजीपी" पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इनके संरक्षण में कई लोग अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं और झारखंड को लूटकर खोखला किया जा रहा है। मरांडी ने आरोप लगाया कि रामगढ़ पुलिस का वांटेड अभियुक्त राजेश राम डीजीपी कार्यालय आता-जाता रहा, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने वायरल ऑडियो का हवाला देते हुए कहा कि डीजीपी के करीबी माने जाने वाले एक सिपाही ने ओडिशा के कारोबारी से संपर्क कर वसूली का प्रयास किया। मरांडी ने शराब घोटाले, अवैध वसूली और अधिकारियों की मिलीभगत का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा कि इन घोटालों में उनकी कितनी हिस्सेदारी है और दोषी अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे चारा घोटाले में लालू प्रसाद को सजा मिली, वैसे ही झारखंड के "लुटेरों" को भी देर-सबेर कानून का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां किसी को बख्शेंगी नहीं और "बराबर हिसाब होगा।"

# मिशन शक्ति फेज-5: बरेली में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए बाइक रैली का भव्य आयोजन

द डेस्प्रिग

**(मोहन सक्सेना / बरेली)** । उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जनपद बरेली में एक भव्य जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली समाज के हर वर्ग तक नारी सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाने में सफल रही। इस रैली को अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी और जिलाधिकारी अविनाश सिंह सहित कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा और क्षेत्राधिकारी (नगर द्वितीय) सोनाली मिश्रा ने



सक्रिय रूप से भाग लेकर इस अभियान को और बल दिया। जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला पुलिस कर्मी पीड़िताओं को सम्मानजनक व्यवहार और त्वरित कानूनी सहायता प्रदान करेंगी।

* **विशेष दल:** महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल गाँवों, कस्बों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार जागरूकता



अभियान चलाएंगे।

* **साइबर सुरक्षा:** महिलाओं और बालिकाओं को ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने मिशन शक्ति को एक सामाजिक क्रांति बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस विभाग महिलाओं के प्रति अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है। उन्होंने नागरिकों से आपात स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090, इमरजेंसी सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076,1930,181,102,108,101 महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की। आगामी दिनों में जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत नुक्कड़ नाटक, संवाद गोष्ठियाँ और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन प्रयासों से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी): अंशिका वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी): मुकेश चन्द्र मिश्र,अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात): मोः अकमल खान,क्षेत्राधिकारी (नगर द्वितीय): सोनाली मिश्रा,क्षेत्राधिकारी (हाईवे): शिवम आशुतोष,क्षेत्राधिकारी (नगर प्रथम): आशुतोष शिवम आदि पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# मोनिका भारती की नियुक्ति पर मंथन फाउंडेशन ने किया सम्मान

द डेस्प्रिग

**बहरोड़ /हवासिंह चौधरी** । जब आंखों ने अरमान लिया, मंजिल को अपना मान लिया। फिर मुश्किल क्या और आसान क्या जब ठान लिया तो ठान लिया।। इन्हीं शब्दों को चरितार्थ करके दिखाया है डांस दीवाने फेम व मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की दिव्यांग ब्रांड एम्बेसडर मोनिका भारती ने। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि बहरोड़ निवासी मोनिका जन्म से ही दृष्टि बाधित थी, ऑपरेशन के बाद कुछ रोशनी लौटी। जिसके साथ उसका जीवन आसान नहीं था लेकिन फिर भी उन्होंने नृत्य की अपनी प्रतिभा की उभारा, गत 15 वर्षों से निरंतर प्रयास जारी रख कथक में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की। उनकी इस तपस्या का परिणाम उनको जवाहर नवोदय विद्यालय पाटन में नृत्य (कथक) शिक्षिका के रूप में चयनित होकर मिला। इस सफलता पर मंथन फाउंडेशन द्वारा कार्यालय में उनके लिए स्वागत व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फूल माला पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर, उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया तथा मिठाई खिलाकर सभी ने बधाई दी। इस दौरान अपने वक्तव्य में मोनिका ने



जन्म से लेकर अब तक की कहानी अपनी जुबानी सुनाई, जीवन के उतार चढ़ाव, नृत्य के लिए उनका संघर्ष, लगन व समर्पण की दास्तान सुनाते हुए इस सफलता का श्रेय अपनी नानी व मामा मामी को दिया। सम्मान कार्यक्रम में मोनिका के मामा संजीव कुमार खरेरा, मंथन संस्थापक डॉ.पीयूष गोस्वामी, सचिव डॉ. सविता गोस्वामी, संरक्षक कमल नयन शर्मा, बहरोड़ इकाई अध्यक्ष अमित कुमार यादव, चार्टर अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी, महिला इकाई संरक्षक वसंती यादव, रेखा अग्रवाल, अंकित सैन व गोविंद शर्मा उपस्थित रहे।

# ओउमाश्रय परिवार को मिला सहयोग, श्रद्धांजलि व शांति यज्ञ का आयोजन

### गंगापुर सिटी निवासी स्व. राधामोहन गुप्ता की पुण्यतिथि पर दी गई विनम्र श्रद्धांजलि, सहयोगियों ने अर्पित की सेवाएं

द डेस्प्रिग



**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम परिवार को विभिन्न सहयोगियों ने खाद्य सामग्री भेंट की। आलोक भार्गव रीको के अधिकारी द्वारा भेजा गया आटे का 10 किलो का दो कट्टा सतीश जैन ने पहुंचाया। एस.एफ.एस. मानसरोवर सेक्टर-6 से प्रदीप शर्मा व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शशिवाला शर्मा आटा, दाल, तेल, चीनी, चाय आदि सामग्री लेकर आए। वहीं, संरक्षक सदस्य अशोक मित्तल ने गुड़ भिजवाया। ओउमाश्रय परिवार ने सभी का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।गंगापुर सिटी निवासी स्व. राधामोहन गुप्ता की तीसरी पुण्यतिथि (23 सितंबर, मंगलवार) पर ओउमाश्रय परिवार ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके पुत्र भारत विकास परिषद वीर तेजाजी नगर, जयपुर के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, श्रीमती विजयलक्ष्मी, अनिल गुप्ता व श्रीमती कुसुम गुप्ता तथा पुत्री श्रीमती रमा ने ओउमाश्रय की यज्ञशाला में शांति यज्ञ कर प्रभुजनों को भोजन प्रसादी वितरण का आयोजन रखा।परिवारिक परंपरा अनुसार शक्ति पर्व पर पौत्र प्रणव यश ने दादी श्रीमती मधु यश के साथ हथियारों के जखीरे का प्रदर्शन किया। ओउमाश्रय परिवार के वरिष्ठ सदस्य बताते हैं कि उनके परिवार में बावा साहब के काल से ही लाइसेंसशुदा हथियार रहे हैं और समय-समय पर उपयोग भी हुए हैं। स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण जी रामपुरा गांव में निशानेबाजी के लिए प्रसिद्ध रहे। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत जीवन में कठिन अनुभवों के बाद जैन साधु की प्रेरणा व स्वाध्याय योग साधना से अहिंसा भाव परिपक्व हुआ है, फिर भी परंपरागत वारह बोर दुनाली बंदूक आज भी सुरक्षित है। पौत्र प्रणव ओउमाश्रय गौशाला में बाल्यकाल से ही गौवंश के साथ खेलने व उनकी सुरक्षा में विशेष रुचि रखता है। ओउमाश्रय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार की समृद्धि की मंगलकामनाएं कीं।

# सितारगंज नगर में निकाली राम बारात जगह-जगह हुआ स्वागत

### एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम के जय घोष से गूंजा शहर

द डेस्प्रिग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज** । क्षेत्र में राम बारात बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई यह पर्व भगवान राम और माता सीता के विवाह समारोह के उपलक्ष में मनाया जाता है इस उत्सव में यह राम बरात निकाली जाती है इसे पूरे उत्साह के साथ भगवान राम और माता सीता के विवाह की झांकी को शहर के क्षेत्रों में निकाली जाती है राम बारात रामलीला ग्राउंड से होकर किच्छा मार्ग होते हुए वापस रामलीला ग्राउंड पहुची श्री राम के भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रभु श्री राम के



जय कारे भी बड़ी धूमधाम के साथ लगाए पूरा शहर भगवान श्री राम की बारात में भक्ति मय हो गया पहले की अपेक्षा में आज के समय में रामबारात के उत्सव में कई सारे परिवर्तन आये है। आज के समय में रामबारात का यह पर्व लोगो में काफी लोकप्रिय है और इसे लोगो द्वारा काफी पसंद किया जाता है।आज के समय में इसका स्तर



काफी बड़ा हो चुका है और देशभर के कई स्थानों पर इसका काफी धूम-धाम के साथ आयोजन किया जाता है। पहले के समय में यह उत्सव मात्र रामलीला का एक छोटा सा हिस्सा हुआ करता था लेकिन आज के समय में यह अपने आप में ही एक अलग उत्सव बन चुका है, यह पर्व भगवान राम और माता सीता के विवाह समारोह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस उत्सव में झांकी रुपी बारात निकाली जाती है। इस पूरे उत्सव भगवान राम और माता सीता के विवाह की झांकी को शहर के क्षेत्रों में काफी दूर तक घुमाया जाता है। झांकी के पीछे काफी संख्या में लोग होते है, जो प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए आते है इस अवसर पर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, सुखदेव सिंह, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, महामंत्री भीमसेन गर्ग, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, एमपी तिवारी, राजेंद्र सिंह चौहान, अमित रस्तोगी, शिवपाल सिंह चौहान, सुरेश जैन, पवन अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी, महेश मित्तल, शिवपाल सिंह चौहान, नीरू गुप्ता, बिंदेश जयसवाल, अभिषेक जैन, दीपचंद्र कौशल, महिपाल सिंह चौहान मौजूद रहे

# सितारगंज के राकेश को रूस, यूक्रेन जंग में जबरन उतारा

### मां से कहा तीन माह बाद आकर करेगा शादी

द डेस्प्रिग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज** । इंजीनियर छात्र को रूस पहुंचने के बाद वहां के प्रशासन ने जबरन सैनिक बना दिया। इसके बाद छात्र को आधुनिक हथियार देकर यूक्रेन जंग में भेज दिया है। जिसका वीडियो वायरल हुआ हैं। छात्र के माता-पिता उसकी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। शक्तिफार्म के ग्राम कुसमोठ और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं थाना दातागंज निवासी राजबहादुर मौर्य का पुत्र राकेश मौर्य का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें राकेश मौर्य रूस रूस



के सैनिक की वर्दी और आधुनिक हथियारों से है लैस होकर खुद की पीड़ा बयां कर रहा है। वीडियो में राकेश कुमार का कहना है कि उसे जबरन रूस प्रशासन ने सैनिक बनकर यूक्रेन के साथ जंग में भेज दिया है। वह मदद की गुहार लगा रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। राकेश के पिता राज बहादुर मौर्य, माता सोनी ने बताया कि 30 अगस्त को उनकी राकेश से बात हुई थी तब राकेश हिमाचल में जॉब कर रहा था। राकेश ने उन्हें बताया कि तीन महीने के बाद आकर वह शादी कर लेगा। इसके बाद उन्हें राकेश के रूस में सैनिक होने की सूचना मिली हैं। इसके बाद राकेश के माता-पिता परिजन बेहद चिंतित हैं। राकेश के पिता राज बहादुर मौर्य ने बताया कि उनका पुत्र ऑनलाइन जॉब करता हैं। जिसके सिलसिले में कभी हिमाचल और शिमला आवागमन जाता रहता था। वह रस कब पहुंच गया इसकी परिजनों को कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया राकेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। जबकि राकेश का एक भाई बेंगलुरु में जॉब करता है, दूसरा भाई बीटेक की तैयारी कर रहा है। उन्होंने बताया राकेश ने कक्षा 1 से 5 तक बदायूं में पढ़ाई की है। इसके बाद कक्षा 6 से इंटरमीडिएट की परीक्षा शक्ति फार्म के कॉलेज में की। खटीमा महाविद्यालय से बीएससी कर राकेश हल्द्वानी पढ़ाई करने निकल गया। इसके बाद ऑनलाइन जॉब करते समय राकेश कब विदेश चला गया इसकी जानकारी माता-पिता को नहीं है। माता-पिता को केवल इतना पता है कि राकेश विदेश जाने की बात करता था। माता-पिता ने बताया राकेश का रिश्ता भी कर दिया है। उसकी मंगेतर भी इस वीडियो पोस्ट के बाद परेशान है। परिजनों ने प्रशासन से राकेश को सुरक्षित रूस से भारत लाने की मांग की है।

# सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन बद्रीनाथ धाम में

द डेस्प्रिग

**नगराज वैष्णव** । गोपेश्वर महादेव मंदिर बडगांव शिवगंज के संरक्षक बाल ब्रह्मचारी अयोध्या दास महाराज करेंगे कथा का वाचन। गोपेश्वर महादेव मंदिर बडगांव के संरक्षक बाल ब्रह्मचारमहामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास महाराज के श्रीमुख से सात दिवसीय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में किया जा रहा हे। आज प्रथम दिवस 51महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन ढोल नगाड़े के साथ बद्रीनाथ धाम मंदिर पहुंचा।उसके बाद मंगला आरती के साथ पूजा अर्चना कर कथा का





शुभारंभ किया जिसमें भागवत महात्म्य, नारद चरित्र,सुखदेव जन्मकथा का वाचन किया गया। आयोजन भामाशाह परिवार पाली निवासी परमेश्वर शर्मा,राज राजेश्वरी शर्मा,नवीन शर्मा हाल निवास भद्रावती,नन्द किशोर शर्मा,ईश्वरी देवी,श्याम लाल,तरुण कुमार परिवार की ओर से किया जा रहा हे। आयोजन में भारत के दूर दराज से रांकावत समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संघवी बाबू लाल शर्मा तखतगढ़,राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल नानेचा, ओम बोरावड़,फुटर दास सादड़ी, मगा राम आहोर,मुकेश सादड़ी,भंवर दास सादड़ी,रमेश रीको,विजय वैष्णव,किशोर वैष्णव,बंशी लाल तखतगढ़, भंवर दास पाली,राकेश तिवाड़ी पाली,अरुण जोधपुर,भरत तखतगढ़ के अलावा सैकड़ों बंधुओं,माताएं बद्रीनाथ पहुंच कर कथा में शरीक हुई।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने नवरात्रि के प्रथम दिन झांकी का आयोजन किया गया

### हनुमान सीता सम्वाद का बहुत मनमोहक अतिसुंदर अभिनय किया

द डेस्प्रिग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज** । नवरात्रि के प्रथम दिवस के उपलक्ष पर सितारगंज रामलीला कमेटी सितारगंज द्वारा झांकी का आयोजन किया गया जिसमें हमारे विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सितारगंज ने प्रतिभाग किया जिसमें गौरी कक्षा 6 ने माता सीता एवं गौरव चंद कक्षा नवम ने हनुमान जी का अशोक वाटिका में हनुमान सीता सम्वाद का बहुत मनमोहक अतिसुंदर अभिनय किया



इस अवसर पर सभी तैयारी से समापन तक समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा प्रधानाचार्य श्री निरंजन सिंह ने दोनों पात्रों की पूजा कर उनको पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़या और विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री अजीत सिंह जोशन जी ने अमेरिका से लाइव हो करके इस कार्य हेतु श्री रामलीला कमेटी सितारगंज और विद्यालय कार्य में लगे समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

द डेस्प्रिग

**गोरखपुर / संजय कुमार** । अखिल भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष दूबे को स्थानीय गोरखपुर के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार नकहा रोड स्थित कैंप कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया।श्री आशुतोष दूबे ने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने का फैसला अपने पदाधिकारियों को बताया,आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक और एक एग्राह होते है ठीक हमे संगठन में बिना भेदभाव के सभी को जोड़ते रहना है,आप लोग अभी से दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए कमर कसे ,कार्यक्रम दिसंबर के आस पास होगा,जिसकी घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री आशनारणयन तिवारी जी ने किया,इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मातृ शक्ति प्रदेश प्रभारी सुमन श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर स्वागत किया।इस दौरान सत्यम मिश्रा,अरविंद कुमार,अभिषेक कुमार,जगदीश शर्मा,शिवानंद श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव,सतीश दुबे,सुनील मणि त्रिपाठी,सतेंद्र कुमार त्रिपाठी,अनुराधा श्रीवास्तव,दीपांकर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अजीम प्रेम जी स्कॉलर शिप : अब हर लड़की कॉलेज जाएगी

द डेस्प्रिग

**नगराज वैष्णव** । रानी खिमाड़ा संरपंच श्रीपाल वैष्णव ने कॉलेज मे अपने भाषण मे बताया कि अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप, छात्राओ के लिए 30000 की सालाना स्कॉलरशिप मिलेगी ! सेवा पखवाडे तहत किया जा रहा कार्य 160 छात्राओ के भरे फार्म ,अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप एक पहल है जिसका उद्देश्य जरूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है ! स्कॉलरशिप - सालाना 30000 जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा - संबंधी किसी अन्य खर्च के लिए किया जा सकता है तथा यह स्कॉलर शिप पहले स्नातक पाठ्यक्रम ( डिग्री या डिप्लोमा % ) की संपूर्ण अवधि के लिए दी जाएगी ! पात्रता - कक्षा 10 वीं और कक्षा12 वी दोनो की पढ़ाई किसी सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो । यह स्कूल नीचे





बताए गए राज्य या केंद्र शासित प्रदेश मे होना चाहिए ! शैक्षणिक सत्र 2025-2026 मे किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि 2 से5 वर्ष) के प्रथम वर्ष मे नियमित छात्रा के रूप मे प्रवेश लिया हो । यह प्रवेश भारत मे किसी भी राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है ! राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश- अरुणाचल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आवेदन अवधि - पहला चरण 10 सितंबर2025 से 30 सितंबर2025 दुसरा चरण 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 आवेदन की प्रक्रिया पुरी तरह निः शुल्क है ! सभी आवेदन केवल हमारी वेवसाइट के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे !

# युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जयंती धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ शहर धौलपुर में निकली

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

धौलपुर शहर में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवाल समाज के पूजनीय श्री अग्रसेन महाराज के जन्म दिवस पर श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री अग्रसेन महाराज की जयंती बडी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती का प्रारंभ श्री अग्रसेन महाराज के चित्र पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज सम्मेलन पूर्वी राजस्थान अध्यक्ष गिरीश गर्ग, अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग ने दीप्रज्यलीत एवं फूलमाला अर्पित कर जयंती का शुभारंभ किया। अग्रवाल समाज कई झाकियों एवं बेंडवाजों एवं डीजे के साथ शहर धौलपुर में टाउन चौकी से प्रारंभ हो कर फूटा दरवाजा, हॉस्पिटल रोड, हरदेव नगर, जगन तिराया, सराय गजरा, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, धूलकोट, न्यू बस स्टैंड, संतर रोड, तोप तिराया, बजरिया, गडरपुरा रोड, सिविल लाइन, पुराना बस स्टैंड होती हुई अग्रवाल धर्मशाला पर समापन हुआ। इस अवसर पर गिरीश गर्ग, ऋषि मित्तल ने कहा कि युग पुरुष महाराजा अग्रसेन जी ने अपने जीवन दर्शनार्थ से सिखाया है कि अग्रवाल समाज का वास्तविक उत्थान सहयोग, समानता, और न्याय की भावना से ही संभव है। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते है कि हमें मिल जुलकर एक सशक्त आत्मनिर्भर और समरस समाज का निर्माण करे। कोई उच्च नीच की भावना न हो एक जुट रहना ही अग्रवाल समाज की शक्ति है।इस अवसर पर लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग, गोरी शंकर पूर्व सरपंच, नेमीचन्द्र अग्रवाल, पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष रामदीन गर्ग, हरीश मित्तल, रामकुमार गर्ग, अग्रवाल समाज



कोठी अध्यक्ष मुकेश गोयल, राजीव रस्तोगी,नितिन मंगल, गौरव गोयल, राजकुमार मित्तल, जयराम, गोविंद अग्रवाल,केशव कुमार गर्ग, महेश गर्ग,रविन्द्र कुमार गर्ग, लघु उद्योग भारती जिला सचिव संकेत गर्ग, शिव शंकर गर्ग, मंजीत गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, आलोक मोदी, शैलेश गोयल, अनुराग अग्रवाल, रामनिवास, राकेश मित्तल, महावीर गर्ग सहित सैकड़ों अग्रवाल बंधु साथ जयंती रथ के साथ रहे।

# चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर नवरात्रि स्थापना के पावन अवसर पर जय श्री मां कालिका युवा ग्रुप द्वारा भक्तों के लिए खिचड़ी का आयोजन

द डेस्प्रिग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल** । नवरात्रि स्थापना के पावन अवसर पर जय श्री मां कालिका युवा ग्रुप द्वारा भक्तों के लिए विशाल साबूदाने की खिचड़ी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप ने लगभग 4 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी बनवाकर श्रद्धालुओं को वितरित की।दुर्ग परिसर में खिचड़ी वितरण के दौरान भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माँ कालिका के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामूहिक भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना को प्रकट करना है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायी पहल बताया।




# मजदूरी कर घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

द डेस्प्रिग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज** । शक्तिफार्म से मजदूरी कर घर लौट रहे युवक की रविवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। ग्राम गुरुनानक नगरी गोठा निवासी 30 वर्षीय कलवंत सिंह रविवार देर रात शक्तिफार्म से बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में सामने से आए कैंटर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उसे उप जिला चिकित्सालय सितारगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि कलवंत के माता-पिता राजस्थान में रहते हैं। वह यहां अपने ताऊ के घर पर रह रहा था। उसकी शादी हो चुकी थी और दो छोटे बच्चे हैं। घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी।

# सड़क दुर्घटना में मृतक युवक के परिवार को दी एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)**।धाकड़ समाज के समाज सेवक उच्चब मालव के नेतृत्व में केशोरायपाटन पहुंचकर मृतक परिवार स्वर्गीय आदित्य मालव पुत्र पप्पू लाल मालव के घर पर पहुंचे। सभी समाज बंधुओ ने तस्वीर पर माला अर्पण करके पुष्पांजलि दी।परिवार को हिम्मत दिलाई।हमेशा समाज आप के साथ इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है।इस अवसर पर धाकड़ समाज के भवानीपुरा निवासी समाजसेवी उच्चब मालव द्वारा मृतक परिवार को एक लाख रुपए



की आर्थिक सहायता दी गई। इस अवसर पर मालव धाकड़ विकास समिति बूंदी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल मालव, प्रेमचंद मालव,भागचंद मालव, मुकेश मालव, ओम मालव, हनुमान मालव, मोहन मालव, रामलाल मालव, बबलेश मालव, गिरिराज मालव, रघुनाथ मालव, हरि मोहन मालव, देवी शंकर मालव,नंदलाल मालव, महावीर मालव, लोकेश मालव, रवि मालव, नरेंद्र, सोनू, दिनेश सहित समाज बंधु उपस्थित रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 26 सितम्बर से होगा आयोजित

द डेस्प्रिंग

**रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का शैक्षिक सम्मेलन 26 एवं 27 सितंबर को खेरिया मोड़ स्थित निजी में विद्यालय में आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष बयाना कृष्णसिंह बैसला ने बताया कि कार्यक्रम में बयाना-रूपवास विधायक डा. ऋतु बनावत, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित शिक्षा विभाग के जिलास्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं भरतपुर जिले के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शिरकत करेंगे। कार्यक्रम



के सफल आयोजन के लिए प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना, अशोक पाराशर, प्रदेश सह संगठन महामन्त्री बदनसिंह मीना, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य त्रिलोकचंद उपाध्याय, प्रदेश न्यायाधिकरण सदस्य पुरुषोत्तम पाराशर एवं प्रदेश पदाधिकारी पूनम चतुर्वेदी और जिलाध्यक्ष भरतपुर होतीलाल जैमन के दिशा निर्देश पर संयोजक टीम और सम्मेलन समिति के पदाधिकारी कार्यक्रम को अंतिम रूप देने एकजुटता के साथ जुटे हुए है।

### जीएसटी छूट के बाद नवरात्रि के पहले-दिन बाजारों में रौनक

जयपुर में व्यापारी बोलें- तीन हफ्तों से थी मंदी, त्योहारी रौनक की आज से हुई शुरुआत

द डेस्प्रिंग

नवरात्र की शुरुआत और जीएसटी में कटौती से जयपुर के बाजारों में त्योहारों सी रौनक रही। अन्य दिनों के मुकाबले बाजारों में चहल पहल ज्यादा रही। जहां पिछले दिनों बाजार में ग्राहकी कम थी, वहीं आज सुबह दुकान-शोरूम खुलने के साथ ही देर शाम तक बाजार ग्राहकों से त्योहार की तरह रोशन नजर आया।

# बीना में कोयला धूल से सड़क पर राहगीरों और स्थानीय जनता को भारी परेशानी

द डेस्प्रिंग

**सोनभद्र, बीना ।** अनपरा से शक्तिनगर तक 18 किलोमीटर लंबे मार्ग पर कोयला खदान से निकलने वाले वाहनों के कारण सड़क पर उड़ती धूल ने राहगीरों और स्थानीय निवासियों की जिंदगी कठिन कर दी है। ट्रकों और ट्रेलरों से सड़क पर फैलती कोयला धूल ने सड़क मार्ग पर चलना खतरनाक बना दिया है, वहीं आसपास रहने वाले लोग प्रदूषण के गंभीर असर झेल रहे हैं। स्थानीय परियोजना अधिकारियों और क्षेत्रीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण हालात और बिगड़ गए हैं। एनसीएल बीना परियोजना बस स्टैंड से बीना कार्यालय तक सबसे ज्यादा धूल फैली हुई है। सड़क पर कभी-कभी पांच से छह श्रमिक झाड़ू लगाते नजर आते हैं, लेकिन यह प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में पाया गया है कि अनपरा-शक्तिनगर मार्ग पर प्रति किमी 100 किलोग्राम धूल



हवा में फैल रही है। कुछ जगहों पर इससे भी अधिक मात्रा में 75 माइक्रोग्राम से छोटे कण पाए गए हैं। सड़क की खराब स्थिति और लगातार गुजरते कोयला लदे वाहन सड़क पर स्मॉग जैसी स्थिति पैदा कर रहे हैं। एनजीटी के निर्देश पर सड़क चौड़ीकरण और सुधार का काम चल रहा है, लेकिन कार्य की धीमी गति और खुदाई के कारण धूल उड़ती रहती है। एनसीएल को ट्रीटमेंट प्लांट के निष्प्रयोज्य पानी का सड़क पर छिड़काव कराने और कोयला परिवहन को सुरक्षित तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। आर. के. सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सोनभद्र, कहते हैं कि मानकों का उल्लंघन नहीं होने देंगे, लेकिन उनके निर्देश अक्सर केवल कागजों में ही सीमित रह जाते हैं। स्थानीय जनता ने बताया कि सड़क पर पैदल चलना या वाहन चलाना दोनों ही खतरनाक हो गया है, और लोग सड़कों पर उतरने से कतराने लगे हैं।

# अनपरा तापीय परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ, अधिकारी और कर्मचारी हुए श्रमदान में शामिल

## सीजीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेंगे विभिन्न स्वच्छता अभियान

द डेस्प्रिंग

**अनपरा (सोनभद्र)**स्थानीय अनपरा तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा सोमवार को कॉलोनी परिसर में "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। परियोजना प्रमुख इं जेपी कटियार और वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑफिसर्स क्लब से अभियान की शुरुआत करते हुए श्रमदान किया और सभी कर्मचारियों को स्वच्छता का संदेश दिया।इं जेपी कटियार ने सभी कर्मचारियों और कर्मियों से अपने आवासीय परिसर और कार्यस्थल की स्वच्छता का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों से ही स्वस्थ और स्वच्छ कार्य वातावरण की स्थापना संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छता केवल सफाई तक



सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। परियोजना प्रबंधन ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पिछले माह आवासीय परिसर और प्लांट के भीतर सैकड़ों पौधों का रोपण कराया था और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इस स्वच्छता पखवाड़े में सफाई अभियान, स्वच्छता निरीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक, अधीक्षण अभियंता, उप महाप्रबंधक, सिविल अधिकारी, सीआईएफ अनपरा इकाई के अधिकारी और जवान सहित दर्जनों कर्मचारी और कर्मी श्रमदान में शामिल हुए। सभी ने मिलकर कॉलोनी और कार्यालय परिसर में सफाई का कार्य किया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। स्वच्छता पखवाड़ा 22 सितंबर से 4 अक्टूबर 2025 तक चलने वाला है और इसका उद्देश्य न केवल परिसर को स्वच्छ बनाना बल्कि कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

# शारदीय नवरात्रि पर एसडीएम दुद्धी ने सपत्नी के साथ किया दर्शन, माँ ज्वालामुखी का लिया आशीर्वाद

**सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक**

सोनभद्र थाना शक्तिनगर परिक्षेत्र में स्थित मां ज्वालामुखी देवी जी मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्तिनगर स्थित प्राचीन माँ ज्वालामुखी मंदिर में पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने माँ के दरबार में माथा टेककर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने विधिविधान से दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन और माँ का विशेष श्रृंगार किया।इस अवसर पर यजमान के रुप मे उप जिलाधिकारी निखिल कुमार ने सपत्नी ने विधि विधान पूजा अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। माँ ज्वालामुखी के जयकारों से सम्पूर्ण



क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। मंदिर समिति के प्रधान पुजारी श्लोकी प्रसाद मिश्रा के अनुसार, नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान, भजन संध्या और कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे दर्शन के दौरान अनुशासन बनाए रखें और स्वच्छता का ध्यान रखें।इस अवसर पर सीओ पिपरी अमित कुमार एवं थाना प्रभारी राम दरश राम सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अहीर जनजागृति फाउंडेशन का अधिवेशन सम्पन्न,

## जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकारिणी का विस्तार किया

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** अहीर जनजागृति फाउंडेशन का रविवार को अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र सुल्तानिया के नेतृत्व में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिनमें चौमूं से सुरेंद्र यादव, झोटवाड़ा से कुलदीप चोरिया, चाकसू से राजूलाल यादव,फागी तहसील से जगदीश यादव, माधोपुराजपुरा तहसील अध्यक्ष महेश यादव सहित कई विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत यादव, प्रमुख महासचिव मंजूलता यादव, मनोज कांकरोला, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन





यादव व प्रदेशध्यक्ष श्रवण बाड़ीगर अरनिया के निर्देशन में नियुक्तियां की गई। अधिवेशन में सामाजिक कुरीतियों का अंत, गुणवत्तायुक्त शिक्षा,सहित अहीर रेजिमेंट की माँग को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प भी लिया गया।

# जिले में जीएसटी बचत उत्सव सप्ताह का आगाज

## 22 से 29 सितंबर तक मनाया जाएगा 'जीएसटी बचत उत्सव

### जीएसटी सुधारों से आमजन व व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत - जिला कलक्टर

द डेस्प्रिंग

**श्रीराम भादू /फलोदी ।** 'जीएसटी बचत उत्सव' के तहत सोमवार को होटल सिटी पॉइंट फलौदी में जीएसटी के सुधारों के संबंध में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में, जीएसटी विभाग के संयुक्त आयुक्त रवींद्र सिंह नेगी ने जीएसटी सुधारों पर जानकारी देते हुवे इसके मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी। कार्यशाला में जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने संबोधित करते हुए जीएसटी सुधारों के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से न केवल व्यापार करने में आसानी होगी, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए भी एक बड़ी राहत साबित होंगे। उन्होंने बताया कि अब साबुन, टूथपेस्ट, शैम्पू सहित खाद्य पदार्थ जैसे नमकीन, भुजिया और बिस्कुट पर जीएसटी 18' से घटकर 5' हो गया है। इसी तरह, एयर कंडीशनर, टेलीविजन और मोटरसाइकिल (350ष्ष तक) जैसी वस्तुओं पर भी जीएसटी 28' से घटाकर 18' कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य और



जीवन बीमा पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह से हटा दिया गया है, जिससे ये आवश्यक सेवाएं आम जनता के लिए अधिक सस्ती हो गई हैं। कार्यशाला में फलोदी टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ कर विशेषज्ञ सीए उमेश कुमार व्यास ने 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी हुए 'नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी सुधारों' पर एक विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया की जीएसटी परिषद ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए पुरानी चार-स्लैब प्रणाली (5', 12', 18' और 28') को एक सुव्यवस्थित दो-स्लैब प्रणाली में बदल दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर केवल 5' और 18' की दरें लागू होंगी। इस बदलाव से सबसे ज्यादा फायदा मध्यम वर्ग को मिलेगा, क्योंकि कई घरेलू और दैनिक उपयोग की वस्तुएं अब सीधे 18' से 5' के स्लैब में आ गई हैं और अनेक वस्तुएं 18' ओर 5' से कर मुक्त श्रेणी भी आई हैं, जिससे उनकी कीमतें काफी कम हो जाएंगी। उन्होंने विशेष रूप से जीएसटी कानून की धारा 171 (एंटी-प्रॉफिटियरिंग) के बारे में भी बताया, जो यह सुनिश्चित करती है कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ व्यवसायियों द्वारा ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि अब ऐसे मामलों की जांच राज्य-स्तरीय स्क्रीनिंग समितियां, स्थायी समिति, राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (द्व) द्वारा की जाएगी, जिससे प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन दिलीप कुमार व्यास ने किया। अंत में अंजुला आसदेव ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया, और इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापार और करदाताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान फलोदी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से अध्यक्ष राजेंद्र व्यास और सचिव मनोज व्यास, टैक्स बार एसोसिएशन के सरक्षंक अनिल, सदस्य लोकेश शर्मा, अंकित जैन और हितेश व्यास, कृषि मंडी के व्यापारी बालकिशन पालीवाल, रवि चौधरी और मियां रमजान के साथ साथ आम नागरिक उपस्थित रहें।

## 9 अक्टूबर को आयोजित होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

# विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया पोस्टर का विमोचन

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** खाटूश्यामजी कस्बे में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा 9 अक्टूबर को श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में शहीद हुए रामभक्तो की याद में एवं बजरंग दल स्थापना दिवस के उपलक्ष में गोयल धर्मशाला में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर मुख्य बाजार में स्थित श्री सीताराम जी मंदिर बड़ा में रक्तदान शिविर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सनातनी कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे में स्थित श्याम बाबा एवं गणेश मंदिर में पोस्टर चढ़ाकर सफल आयोजन की कामना की गई। इस मौके विहिप उपाध्यक्ष ताराचंद कुमावत, मंत्री शंकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष कैलाश माटोलिया, सत्संग प्रमुख अजय




सैनी, हरिओम भातरा, अंकित शर्मा, विमल शर्मा, पवन स्वामी, बजरंग दल नगर संयोजक राहुल कुमावत, सह संयोजक श्रीराम तिवाड़ी, गोरक्षा प्रमुख अंशु शेखावत, विद्यार्थी प्रमुख लक्ष्य राज चौहान, अमित तिवाड़ी, कृष्णा जांगिड़, जतिन शर्मा, स्वास्तिक स्वामी, जितेन्द्र कुमावत, हेमंत कुमावत, योगेश तिवाड़ी, अंशु तिवाड़ी, प्रिंस मीणा मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार** ।महाराजा अग्रसेन की जयंती पर गोरखपुर अग्रहरि समाज के सभी लोग 10:00 बजे पहुंच कर महाराजा अग्रसेन को माल्यार्पण तिलक कर भोग लगाकर महाराजा अग्रसेन की जय घोष करते हुए जिला अस्पताल पहुंचकर दूर



दराज से आए हुए बीमार मरीज को फल वितरण किया गया इस पावन शुभ अवसर पर अग्रहरि समाज के अध्यक्ष विमल अग्रहरि ने अपने संबोधन में कहा परम सौभाग्य है कि हम .महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाने का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ महामंत्री सुशील अग्रहरी ने कहा हर वर्ष गोरखपुर अग्रहरि समाज बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम करता चला रहा है आगे भी हम लोग ऐसे ही कार्यक्रम अपने आराध्या महाराजा अग्रसेन का करते रहेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित संरक्षक मदन अग्रहरि जी सुरेश अग्रहरि जी संरक्षक ओमप्रकाश अग्रहरी प्रहलाद अग्रहरि जी पूर्व अध्यक्ष भोला अग्रहरि अरविंद अग्रहरि शैलेश अग्रहरि जितेंद्र अग्रहरि रितेश अग्रहरि रवि अग्रहरि जय प्रकाश अग्रहरि सूर्य प्रकाश अग्रहरि सुनील अग्रहरि दया शंकर अग्रहरि दुर्योधन अग्रहरि राहुल अग्रहरि केएन गुप्ता शिव अग्रहरि विजेंद्र अग्रहरि शुभम अग्रहरी श्यामू अग्रहरि अनूप अग्रहरि उमेश अग्रहरि नितेश अग्रहरि शिव प्रसाद अग्रहरी आनंद अग्रहरि भारी संख्या में अग्रहरि समाज के सभी लोग उपस्थित रहे

# आयुष्मान हार्ट अस्पताल पीड़ित संघर्ष समिति के बैनर तले कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा के नेतृत्व मे अनिश्चितकालीन धरने के तेहरवें दिन भी धरना जारी रहा।

द डेस्प्रिंग

**बीकानेर / राम भादू** (बीकानेर) सोमवार को आयुष्मान हार्ट अस्पताल पीड़ित संघर्ष समिति के बैनर तले व कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा के नेतृत्व में आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर तथा डॉक्टर बीएल स्वामी से पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के आज तेहरवें दिन भी धरना जारी रहा। कांग्रेस प्रदेश सचिव रामनिवास कुकणा ने कहा की प्रशासन हमारी परीक्षा ना ले क्योंकि इतने दिन गुजर जाने के बाद भी




प्रशासन पीड़ित परिवारों की कोई सुध नहीं ले रहा है जो अतिनिंदनीय है, प्रशासन की अब तक की कार्यशैली आरोपी डॉक्टर को बचाने की दिख रही है इसलिए प्रशासन से न्याय की कोई उम्मीद नहीं है अब सरकार इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्यवाही करे पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार गोदारा ने कहा की इस आंदोलन की आग प्रतिदिन आगे फ़ैल रही है इसलिए सरकार के पास अभी की समय है आँखें खोल ले और पीड़ित परिवारों के साथ न्याय करे हस्द्ध जिलाध्यक्ष हरीराम गोदारा ने कहा कि प्रशासन की मानसिकता पीड़ित परिवारों को न्याय देने के बजाय पीड़ितों को कुचलने की लग रही जो दुर्भाग्यपूर्ण है इस अवसर पर ओमप्रकाश भादू,जितेन्द्र भादू, मूलाराम कूकणा,रेवंतसिंह,सांवताराम कूकणा,गोपीराम कूकणा,पतराम गाट,हेतराम गोदारा सहित सैकड़ों लोग उपस्तिथ थे।

# जोधपुर में हरे कृष्णा मूवमेंट ने एमडीएम अस्पताल में 'हरे कृष्ण भोजनामृत' का शुभारंभ, 500 लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

द डेस्प्रिंग

**जोधपुर** । हरे कृष्णा मारवाड़ मंदिर एवं हरे कृष्णा मूवमेंट जोधपुर की ओर से एमडीएम अस्पताल में "हरे कृष्ण भोजनामृत" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत अस्पताल में भर्ती रोगियों और उनके परिजनों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन (प्रसाद) उपलब्ध कराया जाएगा। हरे कृष्णा मूवमेंट के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट श्री भक्तावतार दास जी ने बताया कि इस अन्नदान कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिदिन 500 लोगों को भोजन



वितरित किया जाएगा, जिसे आगे चरणबद्ध रूप से बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हरे कृष्ण आंदोलन भारत के अन्य राज्यों में भी नियमित रूप से भोजन वितरण का कार्य करता है। एमडीएम अस्पताल में यह कार्यक्रम आज से शुरू हुआ है और यह हमेशा चलता रहेगा। नवरात्रि के शुभ अवसर पर 108 कन्याओं को 9 दिन तक भोजन भी कराया जाएगा।हरे कृष्ण मारवाड़ मंदिर भगवद गीता के प्रचार, सांस्कृतिक गतिविधियों और समाज सेवा के माध्यम से समाज उत्थान के इस दिव्य मिशन को आगे बढ़ा रहा है। हरे कृष्ण आंदोलन की सहयोगी संस्था अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा जोधपुर में प्रतिदिन 15,000 सरकारी स्कूलों के बच्चों को भोजन प्रदान किया जाता है, और पूरे भारत में लगभग 25 लाख बच्चों को प्रतिदिन भोजन वितरित किया जाता है।श्री भक्तावतार दास जी ने कहा कि एमडीएम अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण और दूर-दराज़ से आने वाले मरीजों के परिजन आर्थिक तंगी और अन्य कठिनाइयों का सामना करते हैं। ऐसे में अन्नदान सेवा उन्हें संबल प्रदान करेगी। कार्यक्रम में एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के डायरेक्टर होडल सिंह, जोधपुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा, एमडीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित, विशिष्ट अतिथि डॉ. मीनाक्षी सोनी, ।

# सोलर प्लांट से केबल चोरी का बड़ा खुलासा, 5 गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / बांदीकुई ।** पुलिस थाना बांदीकुई और साइबर सेल दौसा की संयुक्त कार्रवाई ने बांदीकुई थाना क्षेत्र में हुई सोलर प्लांट से केबल चोरी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पाँच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन मुख्य आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देते थे, जबकि दो आरोपी चोरी के माल को खरीदने का काम करते थे। यह मामला तब सामने आया जब 18 अगस्त 2025 की रात को बांदीकुई के उदेरवाड़ा गांव में स्थित सोलर ऊर्जा प्लांट में घुसकर अज्ञात चोरों ने तांबे की केबल चुरा ली। इस घटना के बाद बांदीकुई पुलिस थाने मे केस दर्ज किया गया और जांच



शुरू की गई। बांदीकुई थानाधिकारी जहीर अब्बास के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की और आरोपियों के भागने का रूट चार्ट तैयार किया। साइबर सेल के कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार की तकनीकी सहायता से इन अपराधियों की पहचान की गई। जांच के बाद, पुलिस ने मुख्य रूप से तीन चोरों को गिरफ्तार किया है हरकेश बावरिया उर्फ रामसिंह (28), निवासी बहतेड़, सवाई माधोपुर।, राकेश बावरिया (29), निवासी नाथूसर, अलवर।, रामकेश बावरिया उर्फ तितरा (22), निवासी मोरपा, सवाई माधोपुर। इन तीनों की गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने चोरी के माल के खरीदारों को भी धर दबोचा। इनमें शमू (34) और रशीद खान (45) शामिल हैं, जो गंगापुर सिटी के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई केबल से निकाला हुआ तांबा भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, ये अपराधी पहले दिन में किसी कस्बे या गांव के पास झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहते थे और रेकी करते थे। इसके बाद रात के समय मौका देखकर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि ये चोर सैंथल और बैजूपाड़ा थाना क्षेत्रों में हुई सोलर प्लांट चोरी की घटनाओं में भी शामिल थे। इन अपराधियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है, जो कई अन्य चोरी और डकैती के मामलों में दर्ज है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में एएसआई कुसुम शर्मा, एएसआई रामचरण, एएसआई प्रेमनारायण, और कांस्टेबल दीपक सिंह, योगेश, मोनू कुमार और महेंद्र कुमार शामिल थे। विशेष रूप से कांस्टेबल महेंद्र कुमार ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता से अपराधियों को पहचानने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस का मानना है कि इन आरोपियों से पूछताछ में अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

# मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट के प्रांगण में मां अम्बे की मूर्ति की हुई स्थापना

द डेस्प्रिंग

**उदयपुर।** मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट उदयपुर राजस्थान के प्रांगण में गाजे बाजे के साथ मां अम्बे की प्रतिमा की स्थापना मा के भव्य श्रृंगार के साथ की गई मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट उदयपुर राजस्थान के अध्यक्ष रजनीश कुमार शर्मा ने बताया कि 10 दिनों तक अखंड ज्योत, पूजा पाठ, भजन कीर्तन महाप्रसाद व भंडारा के साथ मां अम्बे का शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मानव



सेवा संस्थान ट्रस्ट के परिसर मे मनाया जाएगा जहां प्रतिदिन डांडिया की धूम के साथ मां अम्बे की विशेष महाआरती की जाएगी इस अवसर पर मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट उदयपुर के संभागीय अध्यक्ष व अधिवक्ता निर्मल पंडित, ने सचिव प्रवीण बुनकर साल्वी ,केशव शर्मा, श्रवण देवी, पुष्कर जैन, संगीता जैन, विनीता शर्मा मानसी शर्मा इत्यादि उपस्थित थे

# नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा को क्या भोग लगा चाहिये देवी का प्रिय भोग

द डेस्प्रिंग

मान्यता है कि नवरात्रि में प्रत्येक दिन देवी को उनके प्रिय भोग अर्पित करने से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं देवी के कुछ प्रिय भोग जिन्हें 9 दिनों में माता रानी दुर्गा को जरूर अर्पित करना चाहिए नवरात्रि में 9 दिनों तक ये भोग लगाने से मिलती है मां दुर्गा की अपार कृपा सनातन परंपरा में शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस साल यह पावन पर्व 22 सितंबर 2025 से शुरू होकर 9 दिनों तक मनाया जाएगा। शारदीय नवरात्र के दौरान साधक पूरी श्रद्धा भाव से व्रत रखते हैं और मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि इन दिनों माता दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है और मनचाही इच्छाओं की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में हर दिन देवी को अलग भोग चढ़ाने का विधान है। बता दें कि व्रत का पूर्ण फल प्राप्त करने के लिए देवी को कुछ प्रिय भोग अर्पित करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में आइए



जानते हैं नवरात्रि के नौ दिनों में किस दिन माता को क्या भोग अर्पित करना चाहिए।

**पहला दिन (मां शैलपुत्री)**
नवरात्रि की शुरुआत मां शैलपुत्री की पूजा से होती है। मान्यता है कि इस दिन देवी को घी का भोग लगाने से साधक को सुख-सौभाग्य और स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

**दूसरा दिन (मां ब्रह्मचारिणी)**
नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। इन्हें मिश्री या चीनी का भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इससे आयु लंबी होती है और साधक की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

**तीसरा दिन (मां चंद्रघंटा)**
नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है। देवी को प्रसन्न करने के लिए उन्हें दूध से बनी मिठाई जैसे - खीर या बर्फी का भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि इससे जीवन से दुख और परेशानियां दूर होती हैं।

**चौथा दिन (मां कूष्मांडा)**
नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की उपासना की जाती है। इस दिन उन्हें मालपुआ का भोग लगाना शुभ माना जाता है। मां कुष्मांडा साधक को बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद देती हैं।

**पांचवा दिन (मां स्कंदमाता)**
नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा होती है। इस दिन देवी को केले का भोग अर्पित करने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और संतान से जुड़ी चिंताएं दूर होती हैं।

**छठा दिन (मां कात्यायनी)**
नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की विशेष पूजा होती है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन देवी को शहद का भोग लगाने से वैभव और सम्मान की प्राप्ति होती है।

**सातवां दिन (मां कालरात्रि)**
नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। इस दिन गुड़ या गुड़ से बनी चीजें अर्पित करने से भय और संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही, साधक पर देवी अपनी विशेष कृपा बरसाती है।

**आठवां दिन (मां महागौरी)**
नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा का विधान है। इस दिन नारियल या नारियल से बनी मिठाइयां अर्पित करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य मिलता है।

**नौवां दिन (मां सिद्धिदात्री)**
नवरात्रि के आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी को हलवा-पूरी और चने का भोग लगाने से पूरे साल कार्यों में सफलता और सिद्धि मिलती है।

श्री गुरुकृपा ज्योतिष केंद्र **मुकुल राज मिश्रा**
**(ज्योतिष सलाहकार)**

# तेली पिछड़े वैश्य महासभा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

## रुद्रप्रताप साहू प्रदेशाध्यक्ष बने; मुकेश साहू को मिली प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / जयपुर।** तेली पिछड़े वैश्य महासभा ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. शाहबाल की देखरेख में हुए इस गठन में एडवोकेट रुद्रप्रताप साहू को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष चुना गया है। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रुद्र प्रताप साहू ने अपनी टीम का ऐलान करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। इसमें मंडावर के मुकेश साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष और महवा के मुकेश साहू को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। एडवोकेट कमलेश साहू को प्रदेश प्रवक्ता, रामावतार साहू (बीजवाड़) को प्रदेश प्रचार मंत्री और महेश चंद साहू (मंडावर) को प्रदेश सदस्य का पदभार सौंपा गया है। जयपुर जिलाध्यक्ष पद पर ओमवती नंदन साहू को नियुक्त किया गया है। ये सभी पदाधिकारी समाज की मजबूती और संगठन के विस्तार के लिए काम करेंगे। यह नई कार्यकारिणी राजस्थान में समाज के हितों की रक्षा और कानूनी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इन नियुक्तियों के साथ ही संगठन में पहले से जुड़े पदाधिकारी भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे, जिससे समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ा जा सके। यह बदलाव समाज को और अधिक सशक्त और संगठित बनाने में मददगार साबित होगा।

## संपादकीय

### ट्रंप का वीजा बम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोजाना कुछ न कुछ ऐसा कर रहे हैं, जिससे भारत सरकार और भारतीय निशाने पर आ जाते हैं। ट्रंप आड़ तो अपने देश के युवाओं के रोजगार बढ़ाने की ले रहे हैं, लेकिन हमला भारतीय युवाओं की आकांक्षाओं पर कर रहे हैं। अभी अमेरिका से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क का मामला सुलझा भी नहीं है कि ट्रंप ने एच1बी वीजा का बम गिरा दिया है। एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया है। इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों, जिनमें बड़ी संख्या में आईटी से जुड़े हैं, पर गंभीर असर पड़ेगा। भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट ने असर की झांकी दिखा दी है। अमेरिका का दावा है कि एच1बी वीजा का बहुत दुरुपयोग होता है। इसकी शुरूआत उन उच्च कुशल कामगारों को अमेरिका में आने की अनुमति देने के लिए की गई थी, जो उन क्षेत्रों में काम करते हैं, जहां अमेरिकी काम नहीं करते। 100,000 डॉलर के शुल्क के बाद सुनि त होगा कि वास्तव में कुशल लोग ही अमेरिका आएं और अमेरिकी कामगारों का स्थान नहीं लें। ट्रंप का तर्क है कि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281,000 लोगों को अमेरिका में प्रवेश मिलता है, तथा ये लोग औसतन प्रति वर्ष 66,000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों का भारी लाभ उठाते हैं। हम इसे बंद करने जा रहे हैं। इस कदम का उन भारतीय कर्मचारियों पर गहरा असर पड़ेगा जिन्हें प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां और अन्य कंपनियां एच1बी वीजा पर नियुक्त करती हैं। ये वीजा तीन साल के लिए वैध होते हैं, जिन्हें तीन साल के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। आदेश के कुछ घंटों बाद शनिवार को अमेरिका में एच1बी वीजा पर रह रहे भारतीयों में भ्रम व चिंता व्याप गई। कई भारतीयों ने भारत यात्रा की अपनी योजना रद्द कर दी। जो भारत आए हुए थे उनमें जल्द से जल्द लौटने की मारामारी मच गई। हालांकि बाद में कहा गया कि यह शुल्क नये आवेदकों पर ही लागू होगा। पुराने वीजा धारक प्रभावित नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी अमेरिका के फैसले के बाद प्रधानमंत्री मोदी पर हमलावर हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने तल्ख टिप्पणी की कि आपके जन्मदिन पर फोन कॉल के बाद आपको जो जवाबी तोहफा मिला है, उससे भारतीय नागरिकों को दुख हुआ है। गले मिलना, खोखले नारे लगवाना और संगीत कार्यक्रम करवाना कोई विदेश नीति नहीं है। हमें अपने हितों के लिए गंभीर होना होगा।

## चिंतन-मनन

### ध्वनि का प्राणी शरीर पर प्रभाव


यह जानकर खुश होगें की ध्वनि का प्रभाव प्रत्येक जीव के शरीर पर पड़ता है। वर्तमान औधोगिकी करण और तकनीकि से ध्वनि प्रदूषण अधिक मात्रा में बढ़ रहा है। इस ध्वनि प्रदूषण के परिणाम देखते हुये नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. राबर्ट कॉक ने सन 1925-26 में एक बात कही थी एक दिन ऐसा आयेगा, जब पूरे विश्व में स्वस्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु ध्वनि प्रदूषण होगा। यह ध्वनि प्रदुषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानव का मन, मस्तिष्क और शरीर बहुत संवेदन शील हैं। यह ध्वनि तरगों के प्रति भी बेहद संवेदन शील है। जैसे जब कोई संगीत सहित, गीत गाता है,या वाद्य बजाता है तो मन अपने आप उस पर केन्द्रित हो जाता है उसे सुनते ही अंग-अंग थिरकने लगता है, मन प्रसन्नता से भर जाता है, शरीर में आनंद की लहर छा जाती है। इसके विपरीत कानो को अप्रिय लगने वाली तेज ध्वनि सुनाई देती है तब मानव को शारीरिक और मानसिक दोनो तरह की परेशानी होती है। जिससे व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं स्वस्थ्य खराब हो जाता है। वह बहरा और पागल भी हो सकता है।
डेसी बल ध्वनि की तीव्रता नापने की इकाई है। इसका अविष्कार ग्राहमबेल बैज्ञानिक ने किया था। आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि 150 डेसीबल की ध्वनि बहरा भी बना सकती है। 160 डेसीबल की ध्वनि त्वचा जला देती है। 180 डेसीबल की ध्वनि मौत की नींद सुला सकती है। 120 डेसीबल की ध्वनि ह्रदयगति बढ़ना प्रारंभ हो जाती है। जिससे ह्रदय रोग एवं उच्च रक्त चाप की बीमारी जन्म लेती है। हर मानव को 60 डेसीबल तक की ध्वनि वाले वातावरण में रहना चाहिए प्रदूषण की श्रेणी में 75 डेसीबल से अधिक की ध्वनि शोर आता है। ध्वनि प्रदुषण से आंखों की पुतली का मध्य छिद्र फैल जाता है, आमाशय और ऑतों पर घातक प्रभाव से पाचन क्रिया बिगड़ जाती है। इससे शरीर की प्रति रोधी क्षमता घट जाती है, ग्रनथियों से हार्मोन्स का श्राव अनियमित हो जाता है, स्नायु खिच जाते है, शरीर में थकान, मानसि तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, स्मरण शक्ति कमजोर हो जाती अतः हमें तेज ध्वनि से बचना चाहिए।

# अमेरिका के लिए आत्मघाती होंगी ट्रम्प की नीतियां



दिलीप कुमार पाठक

अमेरिकी इतिहास जब लिखा जाएगा तो लिखा जाएगा कि एक राष्ट्रपति ऐसे बने थे, जो दुनिया बदल डालने, अपनी उंगली पर नचाने की हनक पाले हुए थे, परंतु खुद भी मजाक के पात्र बन गए थे। आज डोनाल ट्रम्प अमेरिकी इतिहास के सबसे हास्यापद राष्ट्रपति के रूप में जाने जाते हैं, ट्रम्प सुबह पाकिस्तान के साथ होते हैं तो शाम को भारत के पक्ष में हो जाते हैं।। कभी चाइना के राष्ट्रपति की तारीफों के पुल बांधने लगते हैं तो कभी रसिया के राष्ट्रपति के सम्मान में नारे लगाने लगते हैं। कभी भारत को मित्र बताते हैं तो कभी भारत को सबसे बड़ा दुश्मन... समझ नहीं आता कि ट्रम्प ऐसा क्यों कर रहे हैं। जब से ट्रम्प दोबारा राष्ट्रपति बने हैं, तब से ऐसा कोई भी दिन नहीं गया जिस दिन उन्होंने भारत के खिलाफ गलत बयानी न किया हो। पहले 50% टैरिफ लगा दिया, और अब एच-1 वीजा में सख्ती लगा दी है। ट्रम्प भली भांति जानते हैं कि दक्षिण एशिया में चीन की दादागिरी के सामने अगर कोई टिक सकता है तो वो केवल और केवल भारत है। अन्यथा दक्षिणी एशिया में चाइना अमेरिका की धज्जियाँ उड़ा देगा। ट्रम्प हर दिन भारतीय मीडिया में छाए रहते हैं। आजकल अपनी वीजा पॉलिसी के लिए खबरों में हैं। हर दिन ट्रम्प भारत के खिलाफ निर्णय लेते हैं जिससे भारत के बाजार में हलचल हो भारतीय लोगों को परेशानी का कारण पड़ता है। ट्रम्प को भूलना नहीं चाहिए कि भारत एक संप्रभुता वाला राष्ट्र है,
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच1-बी वीजा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एच1-बी वीजा के लिए आवेदन शुल्क को बढ़ाकर 100000 डॉलर यानी लगभग 84 लाख रुपये कर दिया गया है। इस घोषणा के बाद अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों में हड़कंप मचा हुआ है। अमेरिका में एच1बी वीजा धारकों की सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है, जिन्हें अब अपनी नौकरी पर खतरा नजर आ रहा है। असमंजस की स्थिति और बढ़ गई जब अमेरिकी दिग्गज कंपनियों ने कर्मचारियों को 20 सितम्बर तक हर हाल में अमेरिका वापस लौटने की सलाह दी। इस बीच वॉइट हाउस ने बयान जारी कर स्थिति को साफ किया है। वॉइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने शनिवार को स्पष्ट किया है कि हाल ही में घोषित 10000 डॉलर का एच1-बी वीजा शुल्क केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा। उन्होंने साफ कहा कि यह वार्षिक शुल्क नहीं है। दरअसल ट्रंप की एच1-बी वीजा में व्यापक बदलाव की योजना ने भारतीय आईटी पेशेवरों और कंपनियों में यह आशंका पैदा कर दी है कि अमेरिका से बाहर रहने वाले वीजा होल्डर को वापस लौटने के लिए तत्काल समय सीमा का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले को लेकर भारत में जबरदस्त हलचल हो गई है क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय प्रोफेशनल्स एच-1बी वीजा प्रोग्राम के तहत अमेरिका में नौकरी करने जाते हैं। देखा जाए तो इस कदम से भारतीय परिवारों के लिए मुश्किल पैदा हो सकती है। भारत सरकार ने उम्मीद जताई कि इन मुश्किलों को अमेरिकी अधिकारी सही ढंग से हल कर सकते हैं। भारत और अमेरिका दोनों देशों के उद्योग जगत की इनोवेशन और क्रिएटिविटी में हिस्सेदारी है और उनसे आगे बढ़ने के बेहतर रास्ते पर परामर्श की उम्मीद की जा सकती है। स्किल्ड लोगों की आवाजाही ने अमेरिका और भारत में प्रौद्योगिकी विकास, इनोवेशन, आर्थिक वृद्धि, प्रतिस्पर्धा और संपन्नता बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इसलिए, नीति-निमार्ता हाल के अमेरिकी फैसले का आकलन आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए करेंगे, जिसमें दोनों देशों के बीच गहरे पीपल -टू पीपल संबंध भी शामिल हैं।
एक बड़ी चिंता यह खड़ी हो गई है कि ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के बाद क्या भारत में ऐसे लोग जो अमेरिका जाकर काम करने की ख्वाहिश रखते हैं और सपना देखते हैं, उनका यह सपना टूट जाएगा क्योंकि कंपनियां किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि का भुगतान करने के लिए शायद तैयार नहीं होगी। यह फैसला 21 सितंबर से लागू होगा। कहा जा रहा है कि अमेरिका के इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर ही होगा। दो लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधे तौर पर असर पड़ सकता है। अमेरिकी आईटी कंपनियों में काम करने वालों पर असर पड़ेगा। अब अमेरिका में कम नौकरियों के अवसर होंगे। अमेरिकी यूनिवर्सिटी में मास्टर या पीएचडी करने वाले छात्रों पर असर पड़ेगा। पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में सीमित अवसर होंगे. अगर आप पढ़ाई करने गए और वहां पर आप नौकरी का अवसर तलाशते हैं तो वो भी सीमित हो जाएंगे क्योंकि वरीयता होगी अमेरिका के लोगों को लिया जाए। भारतीय छात्रों और लोगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा। अमेरिका में करियर की शुरूआत करने वालों को दिक्कत होगी। अमेरिका में अधिकर भारतीय आईटी क्षेत्र में कार्यरत होते हैं। यानी कि जो लोग जो आईटी प्रोफेशनल्स है या फिर दूसरी कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए सबसे ज्यादा इसका असर पड़ने वाला है। मिड-लेवल और एंट्री लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलने में मुश्किल आएगी।



अमेरिकी कंपनियां नौकरियां दूसरे देशों से आउटसोर्स कर सकती हैं। यानी अब जो दूसरे देश है वहां पर भी इसका उनको अवसर मिलेगा, यानि भारतीयों को भारत के लोगों को इसका सीधा नुकसान हो रहा है।
यह कदम केवल भारतीयों पर ही नहीं, बल्कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर भी असर डालेगा, इसका सीधा असर अमेरिका में भी पड़ेगा, वहाँ की आर्थिक स्थिति पर असर होगा, परंतु डोनाल्ड ट्रम्प ने ठान लिया है कि अमेरिका को चाहे जितना नुकसान हो जाए, चर्चा में बने रहने के लिए अनाप - शनाप निर्णय लेते रहेंगे। इसलिए कहना गलत नहीं कि अमेरिकी इतिहास के सबसे अपरिपक्व राष्ट्रपति सिद्ध होंगे।

# रूस की चेतावनी नई वैश्विक कूटनीतिक व्यवस्था का संकेत



उमेश चतुर्वेदी



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है।
भारत और चीन के खिलाफ जारी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध के खिलाफ रूस का खुलकर उतरना वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का उदाहरण है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का दोनों देशों के पक्ष में खुलकर उतरना यह साबित करता है कि तीनों ही देश कम से कम आर्थिक विषयों के मामले में साथ आ रहे हैं। रूस का खुलकर भारत और चीन का साथ देना और अमेरिका का विरोध करना, वैश्विक दादागिरी वाली अमेरिकी कूटनीति को सीधी चुनौती कही जा सकती है।
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन 17 सितंबर के दिन बधाई देकर एक तरह से दोनों देशों के रिश्तों में टैरिफ युद्ध के चलते आई तल्खी को कम करने की कोशिश जरूर की है। लेकिन जमीनी स्तर पर अमेरिकी रूख में कोई बदलाव नहीं आने की वजह से वास्तविक हालात में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर सर्गेई लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चेतावनी हो सकता है।
भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।
सर्गेई लावरोव ने अमेरिका को एक तरह से चेतावनी दी, अपने ही देश के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी के कार्यक्रम द ग्रेट गेम में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वह बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, काम नहीं कर पाया।
सर्गेई ने इस कार्यक्रम में एक तरह चुटकी भी ली। उन्होंने अमेरिका के चीन और भारत से जारी रिश्तों को लेकर कहा कि चीन और भारत से जिस तरह का अमेरिकी संपर्क जारी है, वह दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष वैश्विक कूटनीति में आ रहे बदलावों को समझ चुका है।
लावरोव ने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी जरूर हुई, क्योंकि दोनों ही देशों यानी चीन और भारत को नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्त्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।
लावरोव का यह कहना भी कि रूस पर नए प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं है, बहुत मानीखेज है। इसका मतलब यह है कि रूस कम से कम इस वक्त अमेरिकी दबवा में नहीं आने जा रहा। रूस पर वैसे ही बाइडन प्रशासन के जमाने से कई तरह की पाबंदियां लगी हुई हैं, फिर भी रूस की सेहत और कूटनीति पर विशेष असर नहीं पड़ा है।
ध्यान देने की बात यह है कि रूस, चीन और भारत की कुल जनसंख्या करीब तीन अरब है। जो वैश्विक जनसंख्या का करीब चालीस फीसद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीनों देशों की अर्थव्यवस्था की सामूहिक भागीदारी करीब 32 प्रतिशत है। जाहिर है कि दुनिया में इनकी हिस्सेदारी अहम है। ऐसे में लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चुनौती ही है कि टैरिफ युद्ध खत्म हो या न हो, तीनों देश कम से कम अपनी आर्थिक चुनौतियों के सामने झुकने नहीं जा रहे।
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## सीकर में पारू आयुष अस्पताल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 24 व 25 सितंबर को

द डेस्प्रिंग




**सीकर।** पारू आयुष अस्पताल की ओर से हर महीने की 24 व 25 तारीख को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा, योग, एक्युप्रेशर व पंचकर्म के माध्यम से मरीजों का उपचार किया जाएगा। डॉ. एम. के. योगी ने बताया कि शिविर में मोटापा, डायबिटीज़, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साइटिका, पाइल्स, ल्यकोरिया, चर्म रोग, एलर्जी, सोरायसिस और माइग्रेन जैसी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा। शिविर का आयोजन दासां की ढाणी, विधि कॉलेज से श्यामपुरा (पूर्वी) रोड, झुंझुनू-जयपुर बाईपास रोड, सीकर (राजस्थान) स्थित अस्पताल में होगा। अपॉइंटमेंट और जानकारी के लिए 9649509287 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसुरी नवपदस्थापित विजय सिह माली का प्रथम बार नाडोल आगमन पर स्वागत

द डेस्प्रिंग



**नाडोल / नगराज वैष्णव ।** आज मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, देसूरी के रूप में नवपदस्थापित श्री विजय सिंह जी माली का महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नाडोल में प्रथम आगमन हुआ।इस अवसर पर देसूरी ब्लॉक प्रधानाचार्य वाकपीठ के अध्यक्ष श्रीदलपत सिंह जी राजपुरोहित ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया।इसके पश्चात श्री विजय सिंह जी माली ने विद्यालय का अवलोकन किया तथा संचालित शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षकगण एवं प्रधानाचार्य को प्रोत्साहित किया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कन्हैयालाल जी चौधरी, राजेंद्र कुमार वैष्णव एवं मुकेश कुमार गुर्जर उपस्थित रहे।

## रानीखुर्द व रानी कलां की पहाड़ी पर स्थित श्री चामुंडा माता जी के दोनों मन्दिरों में नवरात्रि स्थापना


द डेस्प्रिंग



**रानी/नगराज वैष्णव ।** रानीखुर्द व रानी कलां की पहाड़ी पर स्थित श्री चामुंडा माता जी के दोनों मन्दिरों में आश्विन नवरात्रि के स्थापना दिवस पर पुजारी रुप सिंह राज पुरोहित ने चामुंडा माता जी की आरती कर घट स्थापना की /इस अवसर गोविन्द सिंह राठौड़, मोहन सिंह राजपुरोहित, शैतान सिंह, सुरेश सिंह, यशपाल सिंह, भोपाजी छोगा राम देवासी, भगता राम सवा राम , बाबर राम, कुणाल आगरी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओ ने चामुंडा माता जी की पुजा अर्चना कर देश , समाज व परिवार मे सुख समृद्धि की कामना की / नवरात्रि के दौरान गोडवाड , मेवाड़ , मारवाड़ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु चामुंडा माता जी के दर्शनार्थ आते हैं

## मन्दिरों में घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि नवदुर्गा व्रत प्रारम्भ

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



धौलपुर शहर में नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही हिंदुओं का पर्व नवरात्रि नवदुर्गा प्रारम्भ हुई। शहर के कैलादेवी झोरवाली माता, कार्ट कैंपस स्थित मां संतोषी मन्दिर, मोहल्ला गडरपुरा स्थित बूढ़ी माता मंदिर, काली माई मंदिर, शेरगढ़ किले पर स्थित महाकाली मंदिर, सेपाऊं रोड स्थित गायत्री मंदिर,चोपड़ा स्थित मां बगुलामुखी मंदिर, धूलकोट में स्थित महामाया मंदिर, बस स्टैंड पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर जगदीश तिराहे पर स्थित केलादेवी मंदिर, संतर रोड स्थित अम्मा लोगों का मंदिर, तीर्थराज मचुकुंड रोड स्थित मंगल भारती,श्री चित्रगुप्त मन्दिर पुराना शहर, चुरामन की बगिया कायस्थ पाड़ामंदिर, नरसिंह बाग स्थित यज्ञशाला मन्दिर सहित कई मंदिरों पर विधि विधान से आचार्यो ने मंत्रोच्चार, दीप पूजन, पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की घटस्थापना के साथ ही नवरात्रि नवदुर्गा प्रारम्भ हुई। नौ दिन तक चलने वाली नवरात्रि पर्व पर रोजाना मन्दिरों में दुर्गा सप्तशती का नियमित वाचन किया जावेगा। प्रत्येक हिंदू परिवारो में पूजा अर्चना की जावेगी। मन्दिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही ताता लगा हुआ है। भक्त गण मा भगवती राजराजेश्वरी दुर्गा माता से देश और देशवासियों के सुख एवं समृद्धि, शांति सौहार्द की कामना कर रहे है। मन्दिरों के आचार्यो ने बताया कि सभी मन्दिरों में नियमित पूजा अर्चना मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर रोजाना नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा तथा नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को हवन, कन्या पूजन के साथ ही जगह जगह भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

## राजस्थान में पहली बार लेन-सिस्टम फॉलो नहीं करने पर जुर्माना

### दिल्ली-जयपुर हाईवे पर हैवी व्हीकल्स का चालान, ढाई करोड़ वसूले

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर पिछले 15 दिन में लेन सिस्टम फॉलो नहीं करने वाले हैवी व्हीकल्स पर ढाई करोड़ जुर्माना लगाया गया है। दावा है कि राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है कि लेन सिस्टम में नहीं चलने पर इतनी बड़ी संख्या में हैवी व्हीकल का चालान किया गया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने 125 किलोमीटर के इस ट्रैक पर डीजीपी राजीव शर्मा के निर्देश पर कार्रवाई की। 17 दिन पहले जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे-48 पर चंदवाजी से शाहजहांपुर तक 125 किलोमीटर तक लेन सिस्टम

# जनसमस्याओं का होगा शीघ्र निराकरणः राजवीर सिंह राजावत

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एक दिवसीय सरमथुरा तहसील के दौरे पर रहे। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के साथ सरमथुरा मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कई पंचायतों एवं गांव गांव जा कर किसानों, मजदूरों, गरीबों, असहायों से संपर्क कर जनसमस्याओं को सुना और कई पंचायतों का दौरा किया। सरमथुरा मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने बिजली कटौती, पानी सप्लाई एवं सफाई व्यवस्था, वृद्धापेंशन, खाद्य सुरक्षा में सप्लाई किए जा रहे गेहूं वितरण जैसी आम जनता की जनसमस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन के माध्यम से कराया जावेगा। जिससे आम जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। सरमथुरा मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा ने आम जनता को भरोसा दिलाया कि जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व सभी जनसमस्याओं का अवश्य निराकरण होगा और संगठन सुद्रण हुआ है पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना की जा रही है। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कई गांवों में जा कर दिवगंत पुण्य आत्माओ की शान्ति के लिए परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदनाए प्रेषित की। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने सभी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि तहसील स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लग रहे राहत शिविरो जा कर आम जनता की जनसमस्याओं का निदान कराने के लिए शिवरों ने अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# अलवर में भी बनेगा श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ भवन

### विप्र फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह

### 350 से अधिक प्रतिभाओं को किया सम्मानित

### पत्रकार अमित भारद्वाज भी हुए सम्मानित

### भवन के लिए भामाशाह भी आए आगे





द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर राजस्थान ।** विप्र फाउंडेशन अलवर में भी बच्चों में सनातन संस्कृति, संस्कार, और कौशल विकास की शिक्षा के साथ सिविल सर्विस जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की कोचिंग आदि के लिए श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ की स्थापना करेगा। भवन का निर्माण भामाशाहों के सहयोग से विप्र फाउंडेशन करवाएगा। ज्ञानपीठ स्थापित करने की घोषणा को विप्र फाउंडेशन अलवर के प्रतिभा सम्मान समारोह में की गई। समारोह के मुख्य अतिथि वन मंत्री संजय शर्मा नेविप्रफाउंडेशन के प्रतिभा सम्मान की पहल का स्वागत किया और कहा कि वे चाहते है कि मेरे अलवर में भी श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ जैसे केंद्र की स्थापना हो ताकि और अधिक समाज की प्रतिभा आगे आ सके। 350 से अधिक प्रतिभाओं के इस सम्मान समारोह में रामगढ़ विधानसभा के पत्रकारिता के क्षेत्र में अमित भारद्वाज को भी सम्मानित किया गयादिल्ली से पधारे विशिष्ट अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने 11 लाख भवन निर्माण के लिए देने का वादा किया। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल ने भी 11 लाख रुपए की राशि भवन के लिए उपलब्ध करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने संगठन की 16 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालाविप्रफाउंडेशनकेजिलाध्यक्ष पीयूष पंडित जाडला ने बताया कि अलवर शहर के प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय तृतीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम की मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत शुरूआत की बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए विषय विशेषज्ञ शिखा पुरोहित, प्रोफेसर ममता शर्मा, मुकेश गौड, कौशल भारद्वाज, योगेंद्र शर्मा एव प्रवीण झा ने प्रतिभावान बच्चों को भविष्य निमार्ण के लिएमार्गदर्शन प्रदान कर प्रोत्साहित किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा जगन्नाथ मंदिर के मंहत धर्मेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों को अपने भविष्य संवारने के लिए कठोर परिश्रम की सीख दी। विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह में इस्पेक के राष्ट्रीय प्रभारी प्यारेलाल शर्मा, कांग्रेस अलवर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, थानागाजी के पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत , पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र शर्मा, चंचल शर्मा,ब्राह्मण सभा जिलाध्यक्ष विशम्भर दयाल वशिष्ठ, बीजेपी जिला प्रवक्ता मुन्नालाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश अडिचवाल, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चन्दपुनीत शर्मा, महिला विंग जिलाध्यक्ष रेणु वत्स, जिला साक्षरता अधिकारी भूपेंद्र द्विवेदी, संयुक्त निदेशक सुरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र त्यागी , उपनिदेशक राहुल दीक्षित, देशबन्धू शर्मा, पंकज दीक्षित, जिलाध्यक्ष आदिगौड़ ब्राह्मणसभा, विकास तिवाडी, मनोज बेडा, हरीओम शर्मा, के के शर्मा उद्योग विभाग, दौलत शर्मा, रश्मि वशिष्ठ, ममता शर्मा, रेखा शर्मा, ज्योत्स्ना पचौरी, कुलदीप शर्मा, सुरेश शर्मा थानागाजी, कृष्णकांत शर्मा, राहुल शर्मा, गोपेश पचौरी, राजीव लोचन शर्मा, राजेंद्र आचार्य, मुकेश जोशी, कुणाल तिवारी, यशोधन पाराशर, दीपक शर्मा खेडली, पुष्पराज शर्मा, राजेंद्र तिवाडी शिक्षक संघ, विशाल शर्मा, आकाश मिश्रा, ओमप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन

द डेस्प्रिंग



**अलवर रामगढ़ (अमित भारद्वाज)** ठाकर बास नौगांवा, रामगढ़ में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक का आयोजन हुआबैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि आदरणीय कैलाश सिंह भीटोली जिला अध्यक्ष अलवर, बलबीर सिंह जिला उपाध्यक्ष अलवर , धीरज सिंह संगठन मंत्री जिला अलवर, आदरणीय गोपाल सिंह संरक्षक महोदय जिला अलवर उपस्थित रहे! बैठक में क्षत्रिय समाज के नवयुवा बनासा बाईसा को शिक्षा, संस्कार, संस्कृति और मान-सम्मान के बारे में सभी बुद्धिजीवी वक्ताओं ने अपने सकारात्मक विचार रखकर युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया! जिसमें आदरणीय गिर्राजसिंह नरुका सैमली, जीवन सिंहपूर्व सरपंच ठिकाना सैंथली, आदरणीय जनक सिंह ठिकाना मंगलेशपुरा, केंद्र सिंह पूर्व सरपंच बैरेर, गजेंद्र सिंह सरपंच मंगलेशपुरा, पूरन सिंह भंवर सिंह गॉड चिमरावली, रघुवीर सिंह खोहरा, हुकम सिंह नौगांवा ठाकुर बास, मंच संचालन मदन सिंह निरवान ठिकाना रघुनाथगढ़रामगढ तहसील अध्यक्ष ने किया, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, बनेसिंह नरूका, जितेंद्र सिंह चौहान, गुलाब सिंह राघव रामगढ़, जीवन सिंह रामगढ़, बलबीर सिंह जादौन, हनुमान सिंहनौगांवा पप्पू सुभाष सिंह दादोली सिंह जी चौहान नौगावा आदि मौजूद रहे

## संगरिया में कचरे की समस्या पर बाजार बंद? किया व्यापारियों ने तीन घंटे लगाया जाम, प्रशासन ने दिया समाधान का आश्वासन

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी ।** संगरिया शहर में लंबे समय से चली आ रही कचरे की समस्या को लेकर सोमवार को आमजन, व्यापारी, समाजसेवी संस्थाएं, समितियां और विभिन्न यूनियनों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। शहर में जगह-जगह फैले कचरे, गंदगी और बीमारियों के खतरे को लेकर व्यापारियों ने स्वतः स्फूर्त रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। गांधी चौक से शुरू हुआ यह आंदोलन ओवरब्रिज तक पहुंचा, जहां तीन घंटे तक जाम लगाया गया। इस विरोध प्रदर्शन को विधायक अभिमन्यु पूनिया सहित कई जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिला। पूनिया ने कहा कि दीपावली जैसे बड़े त्योहार से पहले शहर की यह हालत चिंताजनक है। कचरे के ढेर लोगों के घरों के आगे लगे हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

**स्थानीय नागरिक और संस्थान प्रतिनिधियों ने दिया धरना** भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद डेलू ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक की समस्या है। शहर को साफ-सुथरा रखना सबकी जिम्मेदारी है और जब प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाता, तो जनता को आवाज़ उठानी ही पड़ती है। पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रदीप बेनीवाल के नेतृत्व में पार्षद राजेश डोडा, दीपेन्द्र जाखड़, एड. प्रिंस मिड्ढा, स्वर्ण सिंह संगर सहित अन्य पार्षदों ने कहा कि जब तक कचरा निपटारे की व्यवस्था नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली बार और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# धौलपुर रजक समाज को CM भजनलाल शर्मा ने किया आमंत्रित

### प्रदेश स्तरीय इस हम बैठक में किया समाज के लोगों से किया सीधा संवाद

### जिले से तीन लोगों ने की शिरकत

द डेस्प्रिंग



जिले के रजक समाज के लोगों की ओर से एक पत्र सीएम को भेंट कर अपनी मांग रखी। सीएम को दिए गए इस पत्र में रजक समाज को जिले लेवल पर छात्रावास सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही अनुसूचित जाति के लिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में आ रही दिक्कतों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।

**धौलपुर ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के रजक समाज को अपने निवास पर आमंत्रित किया और एक अहम बैठक कर वार्ता की इस दौरान मुख्यमंत्री ने रजक समाज प्रतिनिधि मंडल के एक-एक व्यक्ति से सीधा संवाद किया और जमीनी हकीकत को जानने का प्रयास किया। इस बातचीत के दौरान प्रत्येक जिले से पधारे रजक समाज के लोगों ने बर्षो पुरानी अपनी मांग सीएम भजनलाल शर्मा के सामने रखी। इस दौरान धौलपुर जिले से नेतृत्व करने पहुंचे युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शैडवाल विश्व रजक महासंघ के जिला अध्यक्ष जीतू दिवाकर एवं समाजसेवी राजेश दिवाकर ने धौलपुर

## डॉ. सतीश कुमार मेहला बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइंसेज संकाय के डीन नियुक्त

### नवाचार और अंतर्दृष्टि को आगे बढ़ानें में एप्लाइड साइंस की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. सतीश कुमार

द डेस्प्रिंग



**बीकानेर ।** तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. सतीश कुमार मेहला, एसोसिएट प्रोफेसर (रसायन विज्ञान), मानविकी, अंग्रेज़ी एवं एप्लाइड साइंसेज विभाग (एचईएएस) को एप्लाइड साइंसेज संकाय का डीन नियुक्त किया गया है। डॉ. मेहला वर्तमान में एचईएएस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मुख्य अनुशासन अधिकारी के रूप में भी कार्यरत हैं। उन्होंने रसायन विज्ञान-पर्यावरण एवं वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय शैक्षणिक और अनुसंधान कार्य किया है तथा बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में कई प्रशासनिक भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। डीन के रूप में उनकी यह नियुक्ति विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान गतिविधियों एवं नवाचार को और अधिक प्रोत्साहित करेगी।इस नियुक्ति के लिए डॉ सतीश कुमार मेहला ने कुलगुरु प्रोफेसर अखिल रंजन का आभार व्यक्त किया है। डीन डॉ. मेहला नें कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की डीन एप्लाइड साइंस के रूप में उनका प्रयास रहेगा की शोध-अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ उच्च शिक्षा के निहित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रासंगिक शिक्षा मिले। छात्रों हेतु ज्ञानवर्धक, उत्साहवर्धक और लाभप्रद वातावरण विकसित करने के साथ उन्हें एप्लाइड साइंस का जीवंत अनुभव प्रदान किया जा सके। नवाचार और अंतर्दृष्टि को आगे बढ़ानें में एप्लाइड साइंस की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

# झोटवाड़ा में पशु चिकित्सा कैम्प में उमड़ा जनसैलाब

### 250 लोगों ने कराया पालतू पशुओं का इलाज, 130 कुत्तों-बिल्लियों को लगा रेबीज का टीका

द डेस्प्रिंग





**जयपुर।** झोटवाड़ा स्थित जयपुर फेमस पैट शॉप पर रविवार को आयोजित निःशुल्क पशु चिकित्सा कैम्प में बड़ी संख्या में पालतू पशु प्रेमियों ने भाग लिया। कैम्प में करीब 250 लोगों ने अपने पालतू पशुओं की जांच करवाई और उपचार संबंधी परामर्श लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मौके पर ही पालतू जानवरों के स्वास्थ्य की जांच की। इसके साथ ही 130 कुत्तों और बिल्लियों को रेबीज से बचाव हेतु निःशुल्क टीके लगाए गए। इस दौरान कई पशुओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और मालिकों को उनके खान-पान व देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि कैम्प का उद्देश्य पालतू पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा करना और लोगों को पशुजन्य बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। "हम चाहते हैं कि हर पालतू पशु को समय-समय पर टीकाकरण और उचित देखभाल मिले। ऐसे शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे," आयोजक ने कहा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि झोटवाड़ा क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर पालतू पशुओं के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने मांग की कि भविष्य में भी ऐसे कैम्प नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे,"

### आयोजक ने कहा।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि झोटवाड़ा क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर पालतू पशुओं के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने मांग की कि भविष्य में भी ऐसे कैम्प नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, जिससे पशुप्रेमियों को बड़ी राहत मिले।

## राजाखेड़ा पहाड़ी मरैना कस्बा के बीहड़ स्थित माता रैहना वाली का लख्खी मेला शुरू हुआ

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



राजाखेड़ा तहसील में पहाड़ी मरेना के बीहड़ों में स्थित मां भगवती रेहाना वाली माता का लख्खी मेला नवरात्रि नवदुर्गा घटस्थापना के साथ प्रारम्भ हुआ। पहाड़ी मरेना के बीहड में मां भगवती रेहाना वाली माता के दर्शनार्थ रोजाना हजारों की संख्या में भक्त गण आते हैं नवरात्रि नवदुर्गा पर्व पर भक्त गण मंदिर में नेजा चढ़ाते हैं और नियमित भंडारा किया जाता है जहा हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की जाती है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक मा रेहाना वाली माता का मेला नौ दिन तक चलेगा। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान , हरियाणा प्रदेश के साथ दिल्ली से हजारों श्रद्धालुओं का रोजाना दर्शनार्थ ताता लगा रहता है। तहसीलदार राजाखेड़ा दीप्ति देव ने मेले में पहुँच कर मेले व मंदिर में साफ़ सफ़ाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पानी, बिजली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और मेले में श्रद्धालुओं के लिए मेले की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है जो सुरक्षा करेंगे। इस मौके पर नायब तहसीलदार हरिओम रहे।

# युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जयंती धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ शहर धौलपुर में निकली

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़**

धौलपुर शहर में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवाल समाज के पूजनीय श्री अग्रसेन महाराज के जन्म दिवस पर श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री अग्रसेन महाराज की जयंती बडी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती का प्रारंभ श्री अग्रसेन महाराज के चित्र पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज सम्मेलन पूर्वी राजस्थान अध्यक्ष गिरीश गर्ग, अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल एवं राजस्थान लोक सेवा



आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग ने दीप्रज्यलीत एवं फूलमाला अर्पित कर जयंती का शुभारंभ किया। अग्रवाल समाज कई झाकियों एवं बेंडवाजों एवं डीजे के साथ शहर धौलपुर में टाउन चौकी से प्रारंभ हो कर फूटा दरवाजा, हॉस्पिटल रोड, हरदेव नगर, जगन तिराया, सराय गजरा, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, धूलकोट, न्यू बस स्टैंड, संतर रोड, तोप तिराया, बजरिया, गडरपुरा रोड, सिविल लाइन, पुराना बस स्टैंड होती हुई अग्रवाल धर्मशाला पर समापन हुआ। इस अवसर पर गिरीश गर्ग, ऋषि मित्तल ने कहा कि युग पुरुष महाराजा अग्रसेन जी ने अपने जीवन दर्शनार्थ से सिखाया है कि अग्रवाल समाज का वास्तविक उत्थान सहयोग, समानता, और न्याय की भावना से ही संभव है। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते है कि हमें मिल जुलकर एक सशक्त आत्मनिर्भर और समरस समाज का निर्माण करे। कोई उच्च नीच की भावना न हो एक जुट रहना ही अग्रवाल समाज की शक्ति है। इस अवसर पर लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग, गोरी शंकर पूर्व सरपंच, नेमीचन्द्र अग्रवाल, पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष रामदीन गर्ग, हरीश मित्तल, रामकुमार गर्ग, अग्रवाल समाज कोठी अध्यक्ष मुकेश गोयल, राजीव रस्तोगी,नितिन मंगल, गौरव गोयल, राजकुमार मित्तल, जयराम, गोविंद अग्रवाल,केशव कुमार गर्ग, महेश गर्ग,रविन्द्र कुमार गर्ग, लघु उद्योग भारती जिला सचिव संकेत गर्ग, शिव शंकर गर्ग, मंजीत गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, आलोक मोदी, शैलेश गोयल, अनुराग अग्रवाल, रामनिवास, राकेश मित्तल, महावीर गर्ग सहित सैकड़ों अग्रवाल बंधु साथ जयंती रथ के साथ रहे।

# महिला विशेष सृजन में पुरुष कवि लापता

**लखनऊ द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक**

लखनऊ में आज यू पी प्रेस क्लब व उ प्र साहित्य सभा द्वारा 161 वां सृजन सम्मान समारोह आज नवरात्रि महिला विशेष मनाया गया। आज महिला साहित्यकारों का सम्मान एवं सिर्फ कवियत्रियों ने ही काव्यपाठ किया। राष्ट्रगान के साथ प्रारम्भ हुए समारोह में रविन्द्र सिंह, हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना व शिवशरण सिंह ने

**सृजन हिंदी सम्मान- शीतल बाजपेयी**

**सृजन उर्दू सम्मान- डॉ सबा बलरामपुरी** को सृजन सम्मान से सम्मानित किया। डॉ सुधा मिश्रा के संयोजन व संचालन में वर्षा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से शुरू हुए काव्य समारोह में निधि बाजपेई



(कानपुर), जहाँ आरा, मनोरमा श्रीवास्तव, रश्मि शरद(हरदोई), रेनु सिंह, डॉ सुरभि सिंह ममता पंकज, रश्मि सिन्हा, निशा नवल, रेनु द्विवेदी ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सर्जन डॉ रुद्रमणि, वरिष्ठ कवि राजीव वर्मा वत्सल, पंकज प्रसून, डॉ अवधी हरि, डॉ सुभाष रसिया, निर्भय निश्छल आदि ही विशेष रूप से उपस्थित थे। चूंकि आज सृजन नवरात्रि विशेष में सिर्फ महिलाओं का काव्यपाठ था इसलिए श्रोताओं के रूप में आमन्त्रित पुरुष साहित्यकारों की उपस्थिति बहुत ही कम रही। इस बात पर सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने ठहाकों के साथ पुरुषों की मानसिकता पर खूब चुटकियां ली।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई

**द डेस्प्रिंग**

**गोरखपुर /संजय कुमार** ।महाराजा अग्रसेन की जयंती पर गोरखपुर अग्रहरि समाज के सभी लोग 10:00 बजे पहुंच कर महाराजा अग्रसेन को माल्यार्पण तिलक कर भोग लगाकर महाराजा अग्रसेन की जय घोष करते हुए जिला अस्पताल पहुंचकर दूर दराज से आए हुए बीमार मरीज को फल वितरण किया गया इस पावन शुभ अवसर पर अग्रहरि समाज के अध्यक्ष विमल अग्रहरि ने अपने संबोधन में कहा परम सौभाग्य है कि हम .महाराजा अग्रसेन की जयंती



मनाने का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ महामंत्री सुशील अग्रहरी ने कहा हर वर्ष गोरखपुर अग्रहरि समाज बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम करता चला रहा है आगे भी हम लोग ऐसे ही कार्यक्रम अपने आराध्या महाराजा अग्रसेन का करते रहेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित संरक्षक मदन अग्रहरि जी सुरेश अग्रहरि जी संरक्षक ओमप्रकाश अग्रहरी प्रहलाद अग्रहरि जी पूर्व अध्यक्ष भोला अग्रहरि अरविंद अग्रहरि शैलेश अग्रहरि जितेंद्र अग्रहरि रितेश अग्रहरि रवि अग्रहरि जय प्रकाश अग्रहरि सूर्य प्रकाश अग्रहरि सुनील अग्रहरि दया शंकर अग्रहरि दुर्योधन अग्रहरि राहुल अग्रहरि केएन गुप्ता शिव अग्रहरि विजेंद्र अग्रहरि शुभम अग्रहरी श्यामू अग्रहरि अनूप अग्रहरि उमेश अग्रहरि नितेश अग्रहरि शिव प्रसाद अग्रहरी आनंद अग्रहरि भारी संख्या में अग्रहरि समाज के सभी लोग उपस्थित रहे

# गांधी एवं मोदी की स्वच्छता मुहिम को बल: गोपालपुरा पंचायत बनी प्लास्टिक फ्री की मिसाल

## ट्रिपल आर सेंटर से मिल रहा ग्रामीणों को लाभ

## 'प्लास्टिक लाओ-चीनी पाओ' अभियान सफल

**द डेस्प्रिंग**

सुजानगढ़। निकटवर्ती गोपालपुरा पंचायत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता मुहिम को बल मिल रहा है। सरपंच सविता राठी के नेतृत्व में पंचायत को प्लास्टिक फ्री बनाने की कवायद ग्रामीणों के सहयोग से सकारात्मक रूप से चल रही है।पंचायत द्वारा ट्रिपल आर (रीसायकल, रियूज, रिड्यूस) सेंटर स्थापित किया गया है, जहां ग्रामीण अपने घरों का बेकार सामान जमा कर रहे हैं। जरूरतमंद लोग यहां से




उपयोगी सामान ले सकते हैं। सेंटर पर बचे कपड़ों से महिलाओं द्वारा थैले तैयार करवाए जा रहे हैं, जिन्हें ग्रामीणों में वितरित किया जाएगा ताकि प्लास्टिक थैलियों का उपयोग कम हो।इससे पूर्व पंचायत में चल रहा नवाचार 'प्लास्टिक लाओ-चीनी पाओ' अभियान सफल साबित हुआ है। उपसरपंच गणपतदास स्वामी ने बताया कि करीब साढ़े तीन महीने पहले शुरू हुए इस अभियान में अब तक लगभग 250 किलो प्लास्टिक महिलाएं और बच्चे घर-घर से एकत्र कर ला चुके हैं। बदले में उन्हें उतनी ही मात्रा में चीनी वितरित की गई है।ओमप्रकाश प्रजापत ने बताया कि गलियों से प्लास्टिक खत्म होने का सबसे बड़ा लाभ गायों को मिला है, जिन्हें पहले प्लास्टिक खाने से परेशानी होती थी। प्रकाश स्वामी ने जानकारी दी कि प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर बर्तन बैंक का संचालन भी किया जा रहा है।स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में पूर्व सरपंच रूपाराम खीचड़, रूपसिंह, बजरंग सारण, रेखाराम मेघवाल (पूर्व पंच), भंवरलाल मेघवाल, बाबूलाल मेघवाल, भींवाराम प्रजापत, भींवाराम मेघवाल, हरिराम कवि, हनुमान, धापू, चंद्री, भंवरी, संतोष नायक, भंवरी देवी, लिछमा, कमला, आशु, चुन्नी, दीपचंद गिलड़ा, ओमप्रकाश गुर्जर, प्रकाश मेघवाल, सुनील नाई, शेराराम नायक, बलबीर सिंह, राकेश सोनी, मनोहर नाई, विक्रम पंच, चतराराम सहित अनेक लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जयंती धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ शहर धौलपुर में निकली

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़**

धौलपुर शहर में अग्रवाल समाज द्वारा अग्रवाल समाज के पूजनीय श्री अग्रसेन महाराज के जन्म दिवस पर श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री अग्रसेन महाराज की जयंती बडी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती का प्रारंभ श्री अग्रसेन महाराज के चित्र पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज सम्मेलन पूर्वी राजस्थान अध्यक्ष गिरीश गर्ग, अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग ने दीप्रज्यलीत एवं फूलमाला अर्पित कर जयंती का शुभारंभ किया। अग्रवाल समाज कई झाकियों एवं



बेंडवाजों एवं डीजे के साथ शहर धौलपुर में टाउन चौकी से प्रारंभ हो कर फूटा दरवाजा, हॉस्पिटल रोड, हरदेव नगर, जगन तिराया, सराय गजरा, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, धूलकोट, न्यू बस स्टैंड, संतर रोड, तोप तिराया, बजरिया, गडरपुरा रोड, सिविल लाइन, पुराना बस स्टैंड होती हुई अग्रवाल धर्मशाला पर समापन हुआ। इस अवसर पर गिरीश गर्ग, ऋषि मित्तल ने कहा कि युग पुरुष महाराजा अग्रसेन जी ने अपने जीवन दर्शनार्थ से सिखाया है कि अग्रवाल समाज का वास्तविक उत्थान सहयोग, समानता, और न्याय की भावना से ही संभव है। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते है कि हमें मिल जुलकर एक सशक्त आत्मनिर्भर और समरस समाज का निर्माण करे। कोई उच्च नीच की भावना न हो एक जुट रहना ही अग्रवाल समाज की शक्ति है। इस अवसर पर लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग, गोरी शंकर पूर्व सरपंच, नेमीचन्द्र अग्रवाल, पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष रामदीन गर्ग, हरीश मित्तल, रामकुमार गर्ग, अग्रवाल समाज कोठी अध्यक्ष मुकेश गोयल, राजीव रस्तोगी,नितिन मंगल, गौरव गोयल, राजकुमार मित्तल, जयराम, गोविंद अग्रवाल,केशव कुमार गर्ग, महेश गर्ग,रविन्द्र कुमार गर्ग, लघु उद्योग भारती जिला सचिव संकेत गर्ग, शिव शंकर गर्ग, मंजीत गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, आलोक मोदी, शैलेश गोयल, अनुराग अग्रवाल, रामनिवास ।

## 50 लाख मांगने वाले पटवारी ने दलाल को भी फंसाया

**प्लाट दिलाने का दिया था झांसा, परिवादी को धमकाया- फाइल रोककर बैठ गया तो निकलेगी नहीं**

**द डेस्प्रिंग**



जयपुर में ज मी न नामांतरण के एवज में 50 लाख रुपए की घूस मांगने वाले पटवारी की भष्ट्राचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम तलाश कर रही है। एसीबी पूछताछ में पकड़े गए दलाल ने लालच में आकर पटवारी के कहने पर रिश्वत की रकम लेने आना स्वीकार किया है। रिश्वतखोर पटवारी ने प्लॉट दिलाने का लालच देकर दलाली के लिए उसे तैयार किया था।

# श्री सियाराम बाबा की बगीची में दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज

## प्रतिदिन होगा डांडिया व गरबा नृत्य कार्यक्रम

**द डेस्प्रिंग**

**सुजानगढ़।** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्री सियाराम बाबा की बगीची में सोमवार को घट स्थापना के साथ 10 दिवसीय शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ हुआ।यजमान धर्मेंद्र चौहान ने सपरिवार मां दुर्गा की प्रथम दिन की पूजा पंडित विष्णु दाधीच के आचार्यत्व में संपन्न करवाई। आयोजन से जुड़े गोवर्धन खालसा के महामंडलेश्वर श्यामसुंदर दास महाराज ने बताया कि इस बार मां दुर्गा गज पर सवार होकर आई हैं। प्रथम दिन हस्त नक्षत्र रहा, जिसे समृद्धि कारक माना जाता है।उन्होंने बताया कि भव्य आयोजन के अंतर्गत



प्रतिदिन नित्य आरती होगी तथा शाम को डांडिया और गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।महोत्सव को सफल बनाने में बृज किशोर सोनी, आलोक स्वामी, दामोदर पतंजलि वाले, महेंद्र कुमार टाक, गोलू स्वामी, प्रवीण चौहान, मनीष स्वामी, गोपाल चौहान, योगेश खंडेलवाल, राकेश प्रजापत,अनिकेत चौहान,दिनेश स्वामी,रविंद्र चौहान, सांवरमल नायक सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# जयपुर में फिल्म 'म्हारो श्याम' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

## राजस्थानी संस्कृति और आस्था पर आधारित है फिल्म, रिलीज़ होगी 2 अक्टूबर को राज मंदिर सिनेमा में

**द डेस्प्रिंग**

**जयपुर।** राजस्थानी सिनेमा को एक नई दिशा देने जा रही फिल्म "म्हारो श्याम" का भव्य ट्रेलर लॉन्च आज दोपहर 3 बजे होटल गोल्डन ट्यूलिप, एमआई रोड, जयपुर में किया जाएगा। यह फिल्म न केवल राजस्थानी संस्कृति और आस्था की गहराइयों को छूती है, बल्कि पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को भी बखूबी दर्शाती है। फिल्म का निर्देशन मंजूर अली कुरैशी ने किया है, जबकि निर्माण की कमान संभाली है एनके मित्तल और विजय लक्ष्मी जी ने। फिल्म "म्हारो श्याम" श्री मित्तल मूवीज़ के बैनर तले बनी है। मुख्य भूमिकाओं में हैं हितेन खान, प्रिया राजपूत, अंजलि शर्मा, साहिल कुरैशी, हरि नारायण शर्मा और नरेंद्र बब्बल। फिल्म के लेखक संतोष निर्मल हैं, संगीत दिया है राज सेन ने




और गीत लिखे हैं रफीक ने। गायक विजेता पंडित, खुशबू जैन और रेखा राव अपनी सुमधुर आवाज़ से फिल्म को जीवंत बनाएंगे ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे अशोक गुप्ता (सदस्य, मानव अधिकार आयोग, राजस्थान) और विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे मोहम्मद इकबाल खान (ष्टश्वह्र)। यह आयोजन न सिर्फ एक फिल्म का प्रमोशन है, बल्कि राजस्थानी विरासत का उत्सव भी है। जयपुर वासियों के लिए गर्व की बात है कि "म्हारो श्याम" का प्रीमियर जयपुर के ऐतिहासिक राज मंदिर सिनेमा में 2 अक्टूबर को किया जाएगा। राजस्थानी सिनेमा और संस्कृति के प्रेमियों से निवेदन है कि वे आज के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और इस सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनें।

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को आएंगी जयपुर:**

**जीएसटी बचत उत्सव में सीएम ने किया व्यापारियों से संवाद, मंत्री-विधायकों को भी टास्क**

## जिला कलक्टर ने ली व्यापारिक संगठनों की बैठक, मीडिया से हुए रूबरू

# जीएसटी दरों में कमी से मंहगाई पर रोक लगेगी सभी वर्गो को मिलेगा लाभ- जिला कलक्टर

**द डेस्प्रिंग**

**भरतपुर** । केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में सरलीकरण कर कम की दरों की जानकारी जिला कलक्टर कमर चैधरी ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार जिले के व्यापारिक संगठनों एवं मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन में जीएसटी दरों में कटौती से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी तथा मंहगाई पर रोक लगेगी। जिला कलक्टर ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए 15 अगस्त 2025 को लाल किले से घोषणा की थी जिसमें देश की आम जनता को दैनिक उपभोग में आने वाले 375 से अधिक सामान की कीमतों को कम करने का वादा किया था। इस क्रम में जीएसटी की दरों में कटौती कर देश की जनता को महंगाई से राहत देते हुये 99 प्रतिशत वस्तुएं 5 प्रतिशत जीएसटी के कर दर के दायरे में आ गई है। जीएसटी दरों मे किये गये सरलीकरण से गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, व्यापारी और उद्योगपतियों सहित समाज के सभी वर्गो को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



## ये वस्तुऐं होंगी सस्ती-

उन्होंने बताया कि दैनिक उपभोग की वस्तुए हेयर आयल शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर एवं मक्खन, घी, चीज, नमकीन भुजिया, बर्तन, बच्चों की बोतलें, डायपर सिलाई मशीन इत्यादि पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर आमजन को राहत पहुचाई गई है। 2500 रूपये तक के कपडे 18 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कर दर की श्रेणी में शामिल किये है तथा रूपये 2500 रू. तक जूते 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत की कर दर में शामिल किये गये है। निर्माण क्षेत्र में सीमेन्ट पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत की गई है जिससे जनता को राहत मिल सके। **जिला कलक्टर ने बताया कि मध्यम वर्ग हेतु इलैक्ट्रोनिक** आईटम एसी, टीवी (32 इंच से उपर), मॉनिटर व प्रोजेक्टर, डिश वॉशिंग मशीन पर कर की दर 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की गई है, आम जनता के लिए त्यौहारी सीजन में यह सामान सस्ता हुआ है।

## किसानों के लिए-

**उन्होंने बताया कि** कृषि क्षेत्र में ट्रैक्टर, बायो पेस्टीसाईट, ड्रिप इरिगेशन, खेती मशीनें आदि पर कर की दर 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कर अन्नदाता को राहत पहुंचाई गई है। शिक्षा क्षेत्र में मैप्स, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, कॉपी व नोटबुक, रबर(इरेजर), क्रेयॉन्स पर कर की दर शून्य की गई है। जिला कलक्टर ने बताया कि आटोमोबाइल क्षेत्र में हाइब्रिड कार, डीजल हाइब्रिड कार, (1200 सीसी से अधिक न हो एवं लम्बाई 4000 एम.एम से अधिक न हो) 3 व्हीलर मोटरसाईकिल (350 सीसी तक), मालवाहक वाहन पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर महंगाई को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया है।

## जीवनरक्षक दवाऐं सस्ती होंगी-

उन्होंने बताया कि हैल्थ इंश्योरेन्स एवं लाइफ इंशोरेन्स पर जीएसटी को समाप्त कर आमजन तक इसकी पहुंच गया सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा मैडिकल क्षेत्र में बडी राहत देते हुये 36 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी समाप्त की गई है, दवाईयां एवं चश्मा, थर्मामीटर मेडिकल आक्सीजन डायग्रोस्टिक किट ग्लूकोमीटर व स्ट्रिप्स पर कर की दर 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत किया गया है जिससे कि आम जन के लिए स्वास्थ्य सेवाऐं सस्ती हो सकें। पर्यटन क्षेत्र को बढावा देने के लिये होटल एवं रेस्टोरेन्ट पर जीएसटी कर दर 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कि ।

# धूमधाम से निकाली अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा

**द डेस्प्रिंग**



**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)** सोमवार को अग्रसेन जयंती पर कस्बे में अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन महाराज को पालकी में विराजमान कर शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली । शोभायात्रा से पूर्व समाज की ओर से अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा कस्बे के गोपाल दास जी मंदिर से प्रारंभ हुई जो चांदनी चौक, पुराना तहसील रोड, मेन बाजार होते हुए वापस गोपाल दास जी मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में आज क्या है अग्रसेन जयंती जब तक सूरज चांद रहेगा अग्रसेन महाराज का नाम रहेगा कहते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं- पुरुष मौजूद रहे। शोभा यात्रा के बाद समाज के वरिष्ठ जनों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

## ओबीसी आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश मदनलाल भाटी नें प्रदान की नवरात्रि की शुभकामनाएं

**नवरात्रि का पर्व शक्ति-भक्ति और आराधना का प्रतीक - न्यायाधीश मदनलाल भाटी**

**द डेस्प्रिंग**



**जयपुर** । राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग, राज. सरकार के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश मदनलाल भाटी नें आयोग की और से सभी प्रदेशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि भक्ति और उपासना के महापर्व नवरात्रि का यह उत्सव हमें मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व आराधना करने की प्रेरणा देता है। यह लोगों को जीवन में उचित एवं पवित्र कार्य करने और सदाचार अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस पर्व पर सकारात्मक दिशा में कार्य करने पर मंथन करना चाहिए ताकि समाज में शांति, और सद्भाव का वातावरण कायम रह सके। भारतीय आध्यात्म परम्परा में मातृशक्ति की उपासना को प्रधानता दी गयी है। नवरात्रि का यह पावन पर्व शक्ति, भक्ति और श्रद्धा की आराधना का प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर उन्होंने कामना की सभी का जीवन सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।


# अग्रसेन समाज की शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**द डेस्प्रिंग**

**भरतपुर** । अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में अग्रवाल समाज द्वारा श्री अग्रसेन महाराज की शोभा यात्रा का बिजली घर चौराहे पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल लोहिया महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती शोभा कंसल प्रदेश महिलाएं इकाई उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज लोहिया शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य राजेंद्र गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष मनीष गर्ग अभिषेक



जैन एडवोकेट सनत गुप्ता ललित महेश्वरी राजीव गोपालिया मुरारी लाल खंडेलवाल रमेश रद्यरह वाले सुरेश मीठी दिनेश पीतलिया लक्ष्मी नारायण अग्रवाल श्रीमती सीमा मंगल अर्चना खंडेलवाल सोनूवंदना खंडेलवाल अमित खंडेलवाल एवं गौरांग गुप्ता तथा श्रीमती अंजना बबीता बंसल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# प्रभास की फौजी में अभिषेक बच्चन की एंट्री!

**तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है। इस पर अभी बातचीत चल रही है और सब कुछ ठीक रहा, तो अभिषेक जल्द ही प्रभास को शूट के लिए जॉइन करेंगे। यह तेलुगू सिनेमा में अभिषेक बच्चन का डेब्यू होगा।

## फौजी का 400 करोड़ का बजट और प्लॉट

फौजी, प्रभास के सबसे दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में से है। चर्चा है कि यह फिल्म द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान की एक रोमांटिक ड्रामा है। यह एक सैनिक की यात्रा है, जो महाकाव्य की तरह भव्यता लिए हुए होगी और कहानी में भावनाओं का भी पुट होगा। इस ऐतिहासिक एक्शन फिल्म में प्रभास एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। विशाल चंद्रशेखर इसके लिए संगीत दे रहे हैं। फिल्म का बजट भी 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

## सेट से लीक हुई फोटो तो मेकर्स ने दे दी चेतावनी

फौजी को लेकर बीते दिनों तब चर्चा और फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई थी, जब अगस्त में शूटिंग लोकेशन एक तस्वीर लीक हुई थी। हालांकि, इसके बाद फिल्म के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर्स ने चेतावनी भी जारी की। प्रोडक्शन हाउस ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हमने देखा है कि आप में से बहुत से लोग सेट से तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हम आपको बेहतरीन अनुभव देने की कोशिश कर रहे हैं, पर इस तरह के लीक टीम का मनोबल गिराते हैं। ऐसी तस्वीरें शेयर करने वाले किसी भी अकाउंट को न सिर्फ रिपोर्ट कर उसे बंद करवाया जाएगा, बल्कि उसे साइबर अपराध मानकर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।



# अनीत पड्डा ने काटा कियारा का पत्ता!

**सैयारा की सफलता के बाद अनीत पड्डा लोगों की नजरों में हैं। सब उनके दीवाने हुए जा रहे हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि अनीत ने कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर दिया है।**

अपनी फिल्म सैयारा की सफलता से एक्साइटेड अनीत पड्डा रातोंरात मशहूर हो गईं और उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर लोगों की भी खुशी बढ़ गई। हाल ही में, ऐसी खबरें आईं कि वह दिनेश विजन की मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म शक्ति शालिनी में लीड रोल प्ले करेंगी। हालांकि, अब मेकर्स ने एक आधिकारिक बयान दिया है। शुक्रवार को, मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर इन अफवाहों को खारिज करते हुए एक बयान शेयर किया, जिसमें लिखा था, हालांकि हम अपने हॉरर-कॉमेडी जगत के उत्साह को सचमुच महत्व देते हैं, हम यह बिल्कुल स्पष्ट करना चाहते हैं कि शक्ति शालिनी और महा मुंज्या सहित आगामी चैप्टर्स की कास्टिंग से जुड़ी कोई भी रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें हैं। हम मीडिया से गलत सूचनाओं से बचने और हमारी आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार करने का आग्रह करते हैं। कैप्शन में आगे लिखा था, लगातार समर्थन और समझ के लिए धन्यवाद।

## अनीत पड्डा ने कियारा को किया रिप्लेस!

स्पष्टीकरण के बावजूद, फैंस अनीत पड्डा के पक्ष में खड़े रहे। एक यूजर ने कमेंट किया- वैसे, अनीत एक बेहतरीन ऑप्शन होतीं। एक ने लिखा- अगर आपने अभी तक अनीत को कास्ट नहीं किया है तो प्लीज उन्हें कास्ट कर लीजिए। एक तीसरे ने लिखा- अनीत सबसे अच्छी पसंद हैं क्योंकि वह एक टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। वहीं, कुछ फैंस ने उनकी जगह कियारा आडवाणी को रोल में देखने की इच्छा जताई।

## शक्ति शालिनी में कियारा!

एक सूत्र ने बताया, अनीत पड्डा पिछले दो महीनों से शक्ति शालिनी के लिए बातचीत कर रही थीं, क्योंकि दिनेश विजन अपनी दुनिया में नई ऊर्जा भरना चाहते थे। उन्हें सैयारा में अनीत का काम बहुत पसंद आया और उन्होंने हॉरर-कॉमेडी की दुनिया का अगला अध्याय उन पर बनाने का फैसला किया। इससे पहले, मुंबई स्थित मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में देखा गया था, जिसके बाद कियारा आडवाणी का नाम इस प्रोजेक्ट से जुड़ा था। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




## इसी बैनर की फिल्मों ने मचाया धमाल

मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की शुरुआत अमर कौशिक की स्त्री (2018) से हुई थी। बड़ी सफलता के बाद, वरुण धवन और कृति सेनन की भेड़िया (2022) आई, जिसने फ्रैंचाइजी को और आगे बढ़ाया। 2024 में, स्त्री 2 ने बॉक्स-ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए, दुनिया भर में 857.15 करोड़ की कमाई की और भारतीय सिनेमा में एक बड़ी फ्रैंचाइजी बनकर उभरी। और भी कई फिल्में पहले से ही लाइन में हैं।




# हर्षवर्धन राणे ने किया आमिर का समर्थन

**बॉलीवुड में इन दिनों कलाकारों और उनकी टीम के खर्च को लेकर एक बड़ी बहस चल रही है। अब अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने भी इस बहस पर अपनी बात रखी है। यह एक ऐसी चिंता है जिसे हाल के महीनों में कई फिल्म निर्माताओं और सितारों ने उठाया है। हाल ही में आमिर खान ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी थी। अब हर्षवर्धन राणे ने आमिर का समर्थन करते हुए इस मामले पर अपनी राय दी है। अभिनेता ने कहा कि वह निर्माताओं पर खर्च का बोझ डालने के बजाय खुद अपने कर्मचारियों के लिए भुगतान करेंगे।**



हर्षवर्धन ने आमिर खान की उस टिप्पणी का समर्थन किया, जिसमें अभिनेता ने खुद्दारी का जिक्र करते हुए इस मुद्दे को उठाया था। हाल ही में आमिर ने सवाल करते हुए कहा था, 'इतनी खुद्दारी नहीं है? मुझे यह बेहद अजीब लगता है।' अब हर्षवर्धन राणे इसी मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, 'खुद्दारी है सर। मैं अपने निर्माता को अपनी टीम के लिए भुगतान नहीं करने देने की प्रतिज्ञा करता हूं। हिंदी और दक्षिण इंडस्ट्री के दिग्गजों से प्रेरित होकर, जो टीम की ऊंची लागतों की ओर इशारा करते रहे हैं, मैं निर्माताओं के साथ खड़ा रहूंगा।'



## वरुण ने भी उठाया था मुद्दा

इस समय इंडस्ट्री में यह मुद्दा गर्माया हुआ है। आमिर के अलावा हाल ही में अभिनेता वरुण धवन ने भी इस पर अपनी राय रखी थी। वरुण ने कहा था कि इसका दोष पूरी तरह से अभिनेताओं पर नहीं मढ़ा जा सकता। अगर मैं सभी प्रोडक्शन हाउस को अपना समझने लगूं, तो सभी निर्माताओं को भी परिवार के सदस्यों की तरह व्यवहार करना होगा। ऐसा नहीं होता। हम अभिनेताओं को दोष देते रह सकते हैं। कहानियां और ब्लाइंड आइटम सामने आते हैं और हमें ट्रोल किया जाता है। सारा कीचड़ अभिनेताओं पर ही फेंका जाता है। हमें अच्छे निर्माता भी चाहिए। उन्हें सेट पर एक सहयोग करने वाला पारिवारिक माहौल बनाना चाहिए। अगर कोई अभिनेता अभी भी घमंडी है, तो उसके साथ काम न करें।




# लुक को लेकर हुई ट्रोलिंग पर अनन्या का ट्रोलर्स को दिया जवाब

हाल ही में मालदीव से छुट्टियां मनाकर लौटीं अनन्या पांडे आर्यन खान की डेब्यू सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर पहुंचीं। इस दौरान अनन्या की टैन बॉडी नजर आई। सफेद रंग के आउटफिट में अनन्या का फेस तो ग्लो कर रहा था, लेकिन उनकी बॉडी टैन नजर आ रही थी। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कई यूजर्स ने अनन्या के बॉडी टैन की आलोचना की और इसे नकली तक कह डाला। अब अनन्या ने बड़े ही सलीके से इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है।
'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर जब अनन्या सफेद रंग के स्टाइलिश आउटफिट में पैपराजी के सामने पोज देने पहुंचीं, तो कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। उनकी टैन बॉडी को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने तरह-तरह के कमेंट किए। कुछ ने इसे नकली टैन बताया, तो कुछ ने कहा कि जुहू बीच पर घूमने के एक दिन बाद यह हाल होता है। अब अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। अनन्या ने इसी इवेंट की एक क्लिप अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। इसके साथ ही अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मैं टैन की प्रशंसक हूं। अनन्या ने इसके अलावा भी उस इवेंट के कुछ एक वीडियोज अपनी स्टोरी पर शेयर किए हैं। अनन्या के इस जवाब की कई प्रशंसक सराहना भी कर रहे हैं।

## 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे को आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने वकील की भूमिका निभाई थी। अनन्या के आने वाले प्रोजेक्ट्स में फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' शामिल है। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल के आखिरी में 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



# मुझे लगता था मैं इंडस्ट्री के लिए फिट नहीं हूं


करियर के शुरुआती दौर में ही दोस्ताना 2 और बेधड़क जैसी जोरशोर से लॉन्च हुई अपनी फिल्मों के डिब्बाबंद होने का गम झेलने वाले एक्टर लक्ष्य ने आखिरकार फिल्म किल से बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री मारी। वहीं, अब वह साल की सबसे चर्चित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की इस डेब्यू डायरेक्टोरियल सीरीज में वह असल जिंदगी की ही तरह एक आउटसाइडर से स्टार बनने वाले युवा एक्टर की भूमिका में हैं। आउटसाइडर होने का एक खामियाजा और एक ताकत पूछने पर लक्ष्य बताते हैं, खामियाजा यही था कि मुझे लगता था कि शायद यह दुनिया मेरे से काफी परे है। शायद मैं इसे समझ नहीं पाऊंगा। ये भाषा नहीं बोल पाऊंगा, तो खुद को इस दुनिया के हिसाब से बदलने की कोशिश कर रहा था, ताकि इसका हिस्सा बन सकूं। वो भाषा बोलकर, वो कपड़े पहनकर या उन जगहों पर जाकर, जो यहां का कल्चर है, मैं उसमें फिट होने की कोशिश कर रहा था। लक्ष्य ने कहा, मुझे बाद में अहसास हुआ कि नहीं यार, यही तो मेरी ताकत है कि मैं दिल्ली से हूं। 12वीं पास हूं। मेरे पापा एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं, मम्मी बुटीक चलाती हैं। यही तो मेरी पहचान है, मैं उसे क्यों खो रहा हूं? तो जब मैंने उसे अपनाया तो वही मेरी ताकत बन गया। अब मैं अब सेट हूं और अपने साथ खुश हूं।

## जिद थी कि टिके रहना है

अपनी शुरुआती दो बड़ी फिल्मों दोस्ताना 2 और बेधड़क के बंद हो जाने की निराशा को कैसे हैंडल किया? इस पर लक्ष्य ने कहा, एक जिद थी कि करना तो कुछ बड़ा ही था। पीछे जाने का कोई रास्ता ही नहीं था तो सोच यही थी कि टिके रहो, जो मेहनत कर रहे हो वो करते रहो, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, एक दिन तुम्हारा वक्त आएगा ही, वो इंतजार की बात होती है। फिर, जितना समय लगता है ना चीजें होने में, वो आपको उतना ही लंबा चलने के लिए तैयार करती हैं। उसका फल उतना ही मीठा होता है।


## एक जिद है कि अपने को साबित करना है

जैसे, बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए हम सबने तीन साल इंतजार किया है। आर्यन (आर्यन खान) ने तो उससे भी ज्यादा इंतजार किया है। वह तो उससे पहले से लिख रहा है, तो यह शो हम सबकी सालों की मेहनत, जिद और गुस्से का नतीजा है। एक जिद है कि अपने को साबित करना है। हम सब वो गुस्सा और जिद पाल रहे थे। मेरा डायरेक्टर (आर्यन) अपना गुस्सा और जिद पाल रहा है। मैं कह सकता हूं कि पुराना जो सारा दुख और गुस्सा था, वो इस शो ने सब भर दिया।



## एनर्जी से भर देती हैं शाहरुख सर की बातें

एक इवेंट पर शाहरुख खान लक्ष्य को हीरो वाली एंट्री करना सिखाते दिखे। लक्ष्य की जिंदगी पर शाहरुख खान का क्या असर रहा है? इस पर लक्ष्य ने बताया, जब मेरी फिल्म किल का शूट चल रहा था, तो हर दिन ऐक्शन, मारकाट करते-करते 40-50 दिन के बाद मेरा शरीर टूट गया था। हिम्मत नहीं होती थी। मन करता था कि आज बोल दूं कि बीमार हूं, उस वक्त मैं शाहरुख सर के भाषण और उनके टेड टॉक सुनता था। वो सुनकर एक अलग ही एनर्जी आ जाती है। एक आग सी जल जाती है तो जिस दिन ऐसा लगता है कि मन अटपटा है, कुछ अच्छा नहीं लग रहा है तो उनकी स्पीच सुन लेता हूं। शो में अपने किरदार की तैयारी के लिए भी शाहरुख सर के बहुत सारे इंटरव्यू देखे थे, ताकि उनमें जो चार्म और मचिस्मो है वो लेकर आ पाऊं।




## बॉलीवुड में क्या होना चाहिए बदलाव?

बॉलीवुड में ऐसा क्या बदलाव किया जाए ताकि वह बैड्स के बजाय बेस्ट बन जाए? यह पूछने पर लक्ष्य का जवाब था, इंस्टाग्राम बंद कर दो, तो अपने आप अच्छी फिल्में बनने लगेंगी। अभी होता क्या है कि लोग दिख क्या रहा है, चल क्या रहा है, यह ज्यादा सोचते हैं। जबकि, इस दिख क्या रहा है की जगह अगर इस चीज पर फोकस किया जाए कि हम बना क्या रहे हैं, बनाना क्या चाहते हैं तो चीजें बहुत बदल जाएंगी।

# मेहंदीपुर बालाजी थाने की कमान संभालते ही सुरेश कुमार का द बौहराज ग्लोबल स्कूल द्वारा किया गया भव्य स्वागत

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल मेहंदीपुर बालाजी।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को नई दिशा देने और आमजन में विश्वास की नई ऊर्जा जगाने के संकल्प के साथ नव नियुक्त थानाधिकारी सुरेश कुमार ने सोमवार को कार्यभार संभालते ही अपने पहले ही दिन द बोहराज ग्लोबल स्कूल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर जिम्मेदारी संभालने को सुरेश कुमार ने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि यह अवसर उनके लिए प्रेरणादायी है और वे इसे जनसेवा और न्याय के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे। स्वागत समारोह के दौरान स्कूल के निदेशक विनय बौहरा और सह निदेशक विकास बौहरा ने सुरेश कुमार को पारंपरिक साफा पहनाकर, माँ दुर्गा की प्रतिमा और फूलमालाओं के साथ सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश, भूपेंद्र सहित समस्त स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने नए थानाधिकारी को शुभकामनाएँ दीं और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की अपेक्षाएँ व्यक्त कीं। सुरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि थाने में आने वाला हर व्यक्ति बिना किसी भय और भेदभाव के न्याय प्राप्त कर सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध और अव्यवस्था के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और कानून को तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उनका लक्ष्य होगा कि आमजन को भयमुक्त वातावरण मिले और थाने को पारदर्शिता, जवाबदेही और



जनसहयोग के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। जॉइनिंग के पहले ही दिन इतना भव्य और आत्मीय स्वागत पाकर सुरेश कुमार भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान और विश्वास उनकी जिम्मेदारी को और अधिक बढ़ाता है और वे इसे पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाते हुए क्षेत्र के विकास, जनता की सुरक्षा और न्याय की स्थापना हेतु हर संभव प्रयास करेंगे।

## फाइनेंस कर्मियों से 40 लाख की लूट का पर्दाफाश

# धौलपुर, लकंचनपुर पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को दबोचा, 20 वारदातों का खुलासा

द डेस्प्रिंग



**कंचनपुर।** जिले की कंचनपुर थाना पुलिस ने फाइनेंस कर्मियों से लूट के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे करीब 40 लाख रुपए और इलेक्ट्रॉनिक सामान से जुड़ी 20 लूटपाट की वारदातों का खुलासा किया है।

### अर्रूआ नाले के पास से दबोचे आरोपी

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि आरोपियों को कंचनपुर थाना क्षेत्र के



अर्रूआ नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। इनमें गौरव (19) पुत्र भवानी सिंह, राहुल (19) पुत्र राकेश, जोगेश (24) पुत्र पृथ्वीराज निवासी चंदे का पुरा, कौलारी और विवेक उर्फ रामलखन उर्फ विष्णु (24) पुत्र रामनिवास निवासी बंडा पुरा, तसीमों थाना सैपऊ शामिल हैं। गिरफ्तारी के दौरान एक आरोपी भागने की कोशिश में घायल हो गया और उसका पैर टूट गया।

### गैंग की करतूत: रिकवरी से लौटते कर्मी बनते थे शिकार

एसपी सांगवान ने बताया कि बदमाश फाइनेंस कर्मचारियों पर नजर रखते थे। ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रिकवरी के बाद जब शाम को लौटते थे, तो सुनसान जगह पर हथियार दिखाकर लूटपाट करते और फरार हो जाते। लंबे समय से इलाके में हो रही ये घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थीं।

### विशेष टीम ने किया पर्दाफाश

कंचनपुर थाना प्रभारी अनूप सिंह चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। इसमें साइबर सेल इंचार्ज नरेंद्र कुमार, एएसआई फतेह सिंह, एएसआई सोनवीर, हेड कॉन्स्टेबल कपिल शर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। साइबर तकनीक और मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपियों को धर दबोचा गया।

### पूछताछ में और खुलासों की उम्मीद

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ जारी है। संभावना है कि अनुसंधान के दौरान इस गैंग की अन्य बड़ी वारदातों का भी खुलासा होगा। पुलिस टीम में एएसआई फतेह सिंह और सोनवीर सिंह के साथ हेड कॉन्स्टेबल कपिल शर्मा, मुकेश कुमार, श्याम सिंह, कॉन्स्टेबल चरण सिंह, गंभीर सिंह, भगवान दास, श्रीकांत, हरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह और चालक सतपाल सिंह की अहम भूमिका रही।

# ग्राम पंचायत सोनड़ी में भाजपा सेवा पखवाड़े के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** ग्राम पंचायत सोनड़ी में सोमवार को नगर वन सोनड़ी नर्सरी के अन्दर राजस्थान सरकार वन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार लालर की अध्यक्षता में रखा गया। जिसके



मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री मेहरू निशा टाक नोहर के द्वारा सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया गया। वन विभाग की तरफ से सहायक वन संरक्षक नोहर के सुनील कुमार खीचड़, नोहर क्षेत्रीय अधिकारी नरेंद्र सिंह भाटी, सहायक वनपाल हेतराम भाम्भू न्योलखी, बीरबल सहित अन्य रेन स्टाफ ने सभी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करके पौधरोपण कार्य करवाया। साथ में पौधों की सार-संभाल करके पहले से लगाए गए पौधों में पानी दिया गया। इस मौके पर गांव के केलाराम राव, निहाल सिंह देहडू, ओमप्रकाश राव, साहब राम लालर, राजेंद्र, बजरंग इसमें कमल नाई , सुनील पंवार सहित अन्य ग्रामीण और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# थालड़का ; सालासर एवं पल्लू पैदल यात्रियों के लिए 16 वां विशाल भंडारा पूजा अर्चना के साथ शुरू

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)।** थालड़का से भुरानपूरा मार्ग स्थित कनवानी हेड पर हर वर्ष की भांति इसी वर्ष समस्त ग्राम वासियों की तरफ से 16 वां विशाल भंडारा सालासर एवं पल्लू पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए सोमवार को प्रथम नवरात्र से पंडित ओम प्रकाश शर्मा द्वारा विशेष पूजा अर्चना विधिपूर्वक मंत्र उच्चारण कर शुरू किया गया। भंडारे में पैदल यात्रियों के लिए चाय ,नाश्ता,



भोजन, फ्रूट, मेडिकल सुविधा, रात्रि को रुकने के लिए व्यवस्था आदि सेवाएं निःशुल्क दी जाती है। भंडारे में गांव के युवा टीम एवं ग्रामीणों द्वारा नौ दिनों तक सालासर एवं पल्लू पैदल यात्रियों की सेवा की जाती है। गांव की युवा टीम 24 घंटे सेवा में हाजिर रहती है ।आपको बता दें कि यह भंडारा सभी के सहयोग से लगाया जाता है। प्रथम दिन में भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर के दान पुण्य भी किया और दिल खोल करके आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भंडारे में सबसे ज्यादा पैदल यात्रियों का आवागमन रहता है और हमें बहुत ज्यादा खुशी होती है कि हमें सेवा करने का मौका मिलता है।

# नांगल थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 5 बदमाश दो पिस्टल के साथ गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल ।** नांगल थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाँच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो अवैध पिस्टल और एक कार बरामद की है। ये सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई सूचना के आधार पर की, जिसमें एक हरियाणा नंबर की कार में कुछ संदिग्ध युवकों के होने



की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक हरियाणा नंबर की कार, जिसमें चार-पाँच युवक बैठे हैं, प्यारीवास की तरफ गई है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी हुसैन अली के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने तुरंत प्यारीवास की तरफ नाकाबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान, रामथला की ओर से आ रही एक हरियाणा नंबर की स्विफ्ट कार (॥क्र 31 क्र 7114) को रोका गया।

# मंडावर की सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ निर्गुण दरबार मंदिर में भव्य मेले के साथ नवरात्रि महोत्सव हुआ शुरू

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** शहर की सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ निर्गुण दरबार मंदिर परिसर में सोमवार से नवरात्रि का पावन पर्व विशेष आयोजनों के साथ शुरू हो गया है। यह पहला मौका है जब मंदिर में माता रानी की मूर्ति स्थापना के बाद इतना विशाल और भव्य मेला लगाया जा रहा है, जिससे भक्तों में भारी उत्साह है। सिद्धपीठ निर्गुण मंदिर के महंत संत सरयूदास



के अनुसार, शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मेले का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि महिला श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, 30 सितंबर को मां भगवती का विशाल जागरण भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। इसी तरह, शहर के गढ़ रोड स्थित अति प्राचीन दुर्गा मां मंदिर में भी नवरात्रि की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंदिर कमेटी और सर्व समाज के भक्तों के सहयोग से हर बार की तरह इस बार भी मंदिर को विशाल और मनमोहक रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। यहां भी नवरात्रि स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले मेले का शुभारंभ हो गया है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। दोनों मंदिरों में नवरात्रि का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण है।

# जोगणिया माता में शारदीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ घट स्थापना,ध्वजारोहण ओर माता की आरती के साथ किया

द डेस्प्रिंग

**बेगू/जोगणियांमाता / फ़रीद खान ।** उपखंड में स्थित मेवाड़ के प्रमुख शक्तिपीठ स्थल जोगणिया माता में सोमवार को शारदीय नवरात्रा महोत्सव का शुभारंभ घट स्थापना, ध्वजारोहण एवं मातारानी की महा आरती के साथ किया गया द्य जोगणिया माता संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि नवरात्रा के प्रथम दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर पर शीश झुका कर सुख समृद्धि की कामना की द्य नवरात्रा महोत्सव को लेकर जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंधन एवं विकास संस्थान द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाई गई हैं, शांति एवं सुरक्षा को लेकर बेगूं पुलिस प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है द्य इसके अलावा संस्थान द्वारा भी यहां सुरक्षा एजेंसी को भी तैनात किया गया है द्य इससे पूर्व जोगणिया माता में प्रातः 9ः00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई द्य दोपहर 12ः15 बजे श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ किया गया द्य अखंड रामायण पाठ गायत्री पुरुष चरण वेद पाठ योग प्रदर्शन एवं स्त्रोत पाठ का आयोजन हुआ द्य शारदीय नवरात्र महोत्सव के शुभारंभ अवसर



पर मेंढकी महादेव के महंत नंदकिशोर दास, विधायकप्रतिनिधि शंभू लाल धाकड़, एडवोकेट कैलाश चंद्र मंत्री, नायब तहसीलदार विष्णु लाल यादव, लीला शंकर धाकड़ रायती, गोपाल लाल धाकड़ कल्याणपुरा, जिला परिषद सदस्य प्रभु लाल धाकड़, लीला शंकर धाकड़ शादी, विहिप के एडवोकेट राकेश ओझा, बेगू नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजना शर्मा, नारायण लाड, जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंधन एवं विकास संस्थान के पदाधिकारी। भंवर लाल त्रिपाठी,महेंद्र जी भट्ट,प्रेमचंद धाकड़, रमेश गुर्जर,देवीलाल धाकड़,कुणाल व्यास, सरपंच राजकुमार जी सेन,बग़तावर सिंह , कन्हैया लाल मेवाड़ा, सूरजमल गुर्जर, शंभुलाल मीणा, सीता राम धाकड़, कोमल गुर्जर शांति लाल धाकड़, लक्ष्मण





धाकड़ वेद विद्यालय के पंडित नारायण लाल शर्मा, अनिल शर्मा, लेखाकार धनराज छिपा, व्यवस्थापक शंकर लाल धाबाई, सहायक व्यवस्थापक महेंद्र कुमार सोलंकी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# माताजी के नवरात्रा पर पैदल यात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन किया

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** सोनड़ी गांव में माताजी के नवरात्रा में गांव से होकर गुजरने वाले पल्लू माताजी के दर्शन करने जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए समस्त ग्रामवासीयों के द्वारा निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में निशुल्क चाय पानी, नाश्ता, खाना, रहने की व्यवस्था और



दवाईयां आदि पैदल जात्रियों के लिए व्यवस्था जो पहले नवरात्रा से अष्टमी नवरात्रा तक रहेगी। इस भंडारे का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार लालर, पंचायत समिति सदस्य धनाराम बरोड़, पुर्व उपप्रधान धर्मवीर गोधा, ओमप्रकाश ढ़िल्ल, जगाराम, महेंद्र ढ़िल्ल , पवन बरोड़, पाला राम,रतन सरबटा, मघाराम गोधा, चुन्नी राम बरोड़, रामकुमार, गोरी शंकर, माणकचन्द सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद रहकर अपनी निस्वार्थ सेवाएं देते रहेंगे। इधर माताजी मंदिर में पहले नवरात्रा के उपलक्ष्य पर माताजी नवरात्रा पर घट स्थापना और अखंड ज्योत लगाई गई जो विजयदशमी तक जलती रहेगी। गांव में अनेकों माताजी भक्त भी अपने अपने घरों में घट स्थापना कर नवरात्रा का वृत रखें है।

# मंडावर अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** अग्रवाल सम्मेलन मंडावर द्वारा सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह प्रभात फेरी, हवन और मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इसके बाद दोपहर में सामूहिक भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंदूकी के अनुसार, शाम 4 बजे से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे और शाही लवाजमे के साथ निकली इस शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन, माता माधवी और कुलदेवी महालक्ष्मी की मनमोहक झांकियां सजाई गईं। शोभायात्रा का शुभारंभ पुराने गढ़ी बस स्टैंड से महाराजा अग्रसेन की आरती और माल्यार्पण के साथ हुआ। शोभायात्रा मुख्य बाजार से होते हुए गढ़ रोड पहुंची और पंचायती धर्मशाला पर जाकर इसका समापन हुआ। इस दौरान कलश यात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। समाजसेवी रामनिवास गोयल, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, वैश्य महासम्मेलन तहसील मंडावर के



अध्यक्ष विजय झालानी, खंडेलवाल समाज, जैन समाज, केडी कॉलेज के निदेशक एमडी शर्मा और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जलपान और पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में समाज के युवा, महिलाएं और पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते चल रहे थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामनिवास गोयल, सम्मेलन अध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग, अनंत मंगल, राम अवतार सिंघल, राजेश बंसल, योगेश अग्रवाल, नरेश बंसल, अनिल मित्तल, वीरेंद्र गोयल, पदम गोयल, बृजेश मंगल, अशोक मंगल, अवधेश अग्रवाल, पूरण बंसल, योगेश गुप्ता, नरेंद्र बंसल, संतोष सिंघल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, युवा, महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# आस्था, विरासत और विकास का संगम है कोटा का आशापुरा माता मंदिर : बिरला

## मंदिर परिसर में नवनिर्मित सिंह द्वार का हुआ लोकार्पण

द डेस्प्रिंग

**कोटा / फ़रीद खान।** नवरात्रि के प्रथम दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और महाराव इज्यराज सिंह ने सोमवार को कोटा स्थित ऐतिहासिक श्री आशापुरा माता मंदिर में नवनिर्मित सिंह द्वार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, महापौर राजीव भारती, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बिरला ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, भक्ति और साधना का पर्व है, जो हमें संयम, सेवा और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। नौ दिनों तक माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाती है। उन्होंने कहा कि आशापुरा माता मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि सदियों से हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। बिरला ने नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हाड़ौती की यह धरती त्याग और बलिदान




की गाथाओं से प्रेरणा देती रही है और हम सब मिलकर इसी भावना से राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे।

### विरासत और दूरदर्शी शासकों का स्मरण

लोकसभा अध्यक्ष ने महाराव उम्मेद सिंह जी और महाराव भीम सिंह जी को याद करते हुए कहा कि कोटा का आधुनिक स्वरूप उनके ऐतिहासिक योगदान का परिणाम है। उम्मेद सिंह जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय विकास को नई दिशा दी, वहीं भीम सिंह जी ने स्वतंत्रता के बाद की प्रशासनिक व्यवस्था को जनहितकारी रूप दिया। एमबीएस अस्पताल और जिला न्यायालय परिसर जैसे संस्थान उनकी दूरदर्शी सोच के उदाहरण हैं।

# माधव विश्वविद्यालय में आज से शुरू हुआ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव




द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** सिरोही जिले के आबूरोड स्थित माधव विश्वविद्यालय की ओर से नवरात्रि स्थापना के साथ सोमवार से भव्य मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हो गई। तीन दिवसीय यह आयोजन 22 से 24 सितम्बर तक कासिन्द्रा स्थित माँ नवदुर्गा मंदिर और विश्वविद्यालय परिसर स्थित मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ सोमवार प्रातः 6 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। पहले ही दिन से वातावरण भक्ति, आस्था और अध्यात्म से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक अनुष्ठानों में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। इस आयोजन के अंतर्गत कासिन्द्रा मंदिर में माँ नवदुर्गा तथा विश्वविद्यालय परिसर के मंदिर में माँ आशापुरा, माँ सिकोतर और श्री गोगा महाराज सहित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कल 23 सितम्बर और 24 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से विश्वविद्यालय परिसर में विशाल महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें हजारों भक्तजन भाग लेंगे। महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण क्षण बुधवार 24 सितम्बर प्रातः 9:30 बजे आएगा, जब वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच दोनों ही स्थानों पर मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। माधव विश्वविद्यालय परिवार ने सभी श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें और आयोजन की शोभा बढ़ाएँ।

# युवक पर धर्म परिवर्तन का दबाव? बनाया संगठनों ने किया प्रदर्शन पत्नी और ससुराल वालों ने कहा- ईसाई बनो, तभी बेटी-पत्नी के साथ रह सकोगे

## युवक के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** रावतसर के वार्ड 6 निवासी एक व्यक्ति ने पीलीबंगा थाने में रिपोर्ट देकर अपनी पत्नी, ससुराल पक्ष और डबली के एक पास्टर पर हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए लगातार दबाव डालने का आरोप लगाया। इसको लेकर सोमवार को पीलीबंगा थाना में हिंदूवादी संगठनों विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।बजरंग दल से इंद्रजीत नंदिवाल,उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने बताया की क्षेत्र में धर्म परिवर्तन को लेकर हम कई बार शिकायत कर चुके हैं । पीलीबंगा इलाके में ईसाई धर्म में परिवर्तन जोर शोर से चल रहा है। पीड़ित अजय पुत्र बलवीर सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा कि उसकी शादी रीतू रानी पुत्री पाल सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रही थी। अजय ने बताया कि 6 सितंबर को वह अपने ससुराल वार्ड 34 पीलीबंगा गया था। वहां उसकी पत्नी रीतू रानी, सास संतोष और साली रजनी ने कहा कि यदि वह हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म स्वीकार कर लेगा तभी वे उससे संबंध रखेंगे, अन्यथा कोई रिश्ता नहीं रखेंगे। अजय की 10 माह की बच्ची भी है। आरोप है कि एक दिन तो उन्होंने बच्ची उसे सौंप दी, लेकिन अगले दिन 7 सितंबर को बच्ची वापस मंगवा ली। ससुराल पक्ष ने अजय से कहा कि वह अपने घर से हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां हटाए और ईसाई बने तभी उसे पत्नी और बेटी के साथ रहने दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि उसी दौरान डबली का पास्टर मलकीत सिंह भी आया। उसने अजय से कहा कि उसने डबली और पीलीबंगा में कई घरों को ईसाई बनाया है। उसने कहा अगर अजय ईसाई बन जाएगा तो उसका परमेश्वर उसे धनवान बना देगा। अजय ने जवाब में कहा कि वह हिंदू है और अपने धर्म को नहीं छोड़ेगा। किया तो उसका घर उजाड़ देगा। इस पर पास्टर ने उसे 10 दिन का समय दिया और कहा कि या तो वह धर्म परिवर्तन करे, नहीं तो दोबारा इस घर की तरफ मुंह न करे। अजय ने आरोप लगाया कि आज जब वह ससुराल वापस गया तो पत्नी और ससुराल वालों ने कहा कि उन्होंने उसकी बेटी को भी ईसाई बना दिया है और जब तक वह धर्म परिवर्तन नहीं करेगा, उसे अपनाएंगे नहीं। अजय ने रिपोर्ट में कहा कि पत्नी, सास, साली और पास्टर मलकीत सिंह लगातार मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित कर रहे हैं और जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे हैं।

अजय ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है। मामला संवेदनशील होने के कारण थाना पुलिस ने पूरे प्रकरण की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447